दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 148
कोटद्वार सोमवार
25 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## उत्तर प्रदेश में जंगलराज : अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में जंगलराज है। सत्ता के संरक्षण में भाजपा के दबंग और गुण्डे अराजकता फैला रहे हैं। भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दिया है। सुल्तानपुर में भाजपा नेता के भतीजे ने डा0 घनश्याम त्रिपाठी की पीट-पीटकर निर्ममता से हत्या कर दी। डॉ0 घनश्याम त्रिपाठी सुल्तानपुर की पीएचसी जयहिंदपुर में तैनात थे।

इसी तरह से कानपुर में भाजपा नेता के धोखे के कारण किसान बाबू सिंह ने आत्महत्या कर ली। भाजपा नेता ने धोखे से किसान की जमीन लिखवा ली। किसान के परिजन भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से न्याय की मांग कर रहे है लेकिन पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री जी नैतिक अवकाश पर गए हैं। कानपुर में ही भाजपा पार्षद पति ने सत्ता के घमण्ड में दबंगई दिखाते हुए एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर दी। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी बताए कि पीड़ित परिजनों की सुनवाई क्यों नहीं हो रही है। पूरे प्रदेश में गरीबों और वंचितों के साथ अन्याय हो रहा है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार में दबंगों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। महिलाओं, बेटियों के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

## महिला आरक्षण विधेयक : मोदी ने महिलाओं को धोखा दिया

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने महिला आरक्षण विधेयक की राह में रोड़े 'पैदा' कर महिलाओं को 'धोखा' देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। सिद्दारमैया कहा कि जनगणना, परिसीमन और कानून को प्रभावी होने में लगने वाला अधिक समय जैसी बाधाओं से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का पाखंड उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक 2026 में जनगणना के बाद ही लागू किया जाएगा।

## सडक़ पर भरे पानी में दौड़ रहा था करंट, चपेट में आने से मां-बेटे की मौके पर मौत

**कोलकाता ,एजेंसी।** उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी शहर में रविवार को सडक़ पर भरे पानी में करंट आ गया। पानी से होकर गुजर रहे मां-बेटे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय चश्मदीदों ने बताया कि सबसे पहले 55 वर्षीय मां ननीबाला रॉय को करंट लगा। जैसे ही उनके 34 वर्षीय बेटे टिंकू रॉय ने उन्हें बचाने की कोशिश की, तो वह भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना रविवार सुबह जलपाईगुड़ी शहर के अदारपाड़ा इलाके में घटी। दोनों पीड़ितों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मूसलाधार और लगातार बारिश के कारण शनिवार से जलपाईगुड़ी के विभिन्न हिस्सों में पानी भर गया है। ऐसी दुर्घटनाएं शहर में कहीं भी कभी भी हो सकती हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया है क्योंकि मृतक मां और बेटा अपने पड़ोसियों के बीच काफी लोकप्रिय थे।

### महाराज ने नैनीताल जनपद को दिया 14 करोड़ 77 लाख की विकास योजनाओं का तोहफा

# नंदा देवी मेले को राजकीय मेला घोषित किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**नैनीताल।** काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने नैनीताल क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनपद को 14 करोड़ 77 लाख की 10 विकास योजनाओं का तोहफा देने के साथ साथ नंदा देवी मेले को राजकीय मेला भी घोषित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कार्य कर रही है।

रविवार को सतपाल महाराज ने नैनीताल क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनपद की 14 करोड़ 77 लाख 03 हजार की 10 विकास योजनाओं का शिलान्यास करने के साथ-साथ नंदा देवी मेले में मां नंदा और सुनंदा के दर्शन करते हुए लोगों की मांग पर नंदा देवी मेले को राजकीय मेला घोषित किया। शिलान्यास कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने बूथ नं 91, नैनीताल क्लब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "मान की बात" कार्यक्रम में भी प्रतिभागी किया।

महाराज ने नैनीताल क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग की 793.38 लाख की लागत की 6 योजनाओं और सिंचाई विभाग की 683.65 लाख की लागत की 4 योजनाओं का शिलान्यास कर जनपद को 1477.03 लाख की धनराशि की कुल 10 योजनाओं का तोहफा दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सरिता आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष, लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित थे।



नैनीताल में योजनाओं का शिलान्यास करते सतपाल महाराज

## खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत पन्नू पर एनआईए का एक्शन, पंजाब में संपत्तियां की जब्त

**चंडीगढ़, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकवादी और प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को बड़ा एक्शन लिया। एजेंसी ने पन्नू पंजाब के अमृतसर और चंडीगढ़ स्थिति संपत्तियों को जब्त कर लिया है। वहीं कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के घर पर भी कार्रवाई हुई है। जालंधर जिला के भारसिंहपुरा गांव में निज्जर के घर के बाहर संपत्ति जब्ती का नोटिस चिपका दिया है। निज्जर के घर पर जो नोटिस चिपकाया किया गया है, वह मोहाली की स्पेशल सीबीआई कम एनआईए कोर्ट से जारी हुआ है।

नोटिस में कहा गया है कि एनआईए ने निज्जर की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए याचिका दी है। इस मामले में



रिश्तेदार-नजदीकी 11 अक्तूबर को स्पेशल एनआईए कोर्ट मोहाली में पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। पन्नू पर पंजाब में 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें तीन देशद्रोह के मामले भी शामिल हैं। पन्नू इस वक्त अमरीका में रह रहा है। वहां वो लगातार भारत के खिलाफ वीडियो जारी कर जहर उगलता है। एनआईए ने पन्नू की जो संपत्तियां पंजाब में जब्त की हैं, उनमें अमृतसर जिला के बाहरी इलाके में स्थित पैतृक गांव खानकोट में 46 कनाल कृषि संपत्ति और चंडीगढ़ के सेक्टर-15, सी स्थित उसका मकान शामिल है। जब्ती के बाद अब पन्नू का संपत्ति से अधिकार खत्म हो गया है और यह संपत्ति अब सरकार की है।

# नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी

### 11 राज्यों-111 शहरों को फायदा, रेड्डी बोले- रेलवे के विकास में नया अध्याय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में देश रेलवे के विकास में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा हैदराबाद (काचीगुडा)-बेंगलुरु (यशवंतपुर) वंदे भारत एक्सप्रेस सहित नौ वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाए जाने के मौके पर यहां काचीगुडा रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। रेड्डी ने कहा कि एक ही दिन में नौ नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया जाना एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि रविवार को जिन नौ ट्रेनों का उद्घाटन किया गया, वे 111 शहरों को जोड़ती हैं, जिनमें तीर्थ केंद्र, पर्यटन स्थल, वाणिज्यिक केंद्र शामिल हैं।



हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस तेलंगाना की तीसरी वंदे भारत ट्रेन है।

उन्होंने कहा कि पहले शुरू की गई दो ट्रेनों में सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम और हैदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। आज शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन तीन राज्यों तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक को जोड़ती है। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार तेलंगाना में रेलवे के विकास के लिए कई परियोजनाएं शुरू कर रही है।

रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत का विजन है और प्रधानमंत्री मोदी नई प्रौद्योगिकी और नई गति को अपनाने के रेलवे के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सूरत रेलवे स्टेशन पर मौजूद जरदोश ने कहा कि अहमदाबाद को जामनगर से जोड़ने वाली ट्रेन सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए वंदे भारत (वीबी) ट्रेनों की शुरुआत देश के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत का विजन है कि यह 'सबका साथ, सबका विकास' के जरिए कैसे विकसित करने की योजना बना रहा है। जरदोश ने कहा, 'जिन राज्यों में ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई, उनमें से आधे से अधिक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार नहीं है, लेकिन पीएम मोदी ने विकास को अपने उद्देश्य के रूप में लिया है और जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान पूरी दुनिया को दिखाया है कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' युवाओं और महिलाओं के योगदान के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने वाले भारत की ताकत है।

जरदोश ने कहा कि अहमदाबाद-जामनगर मार्ग के अलावा अन्य राज्यों में वीबी ट्रेन शुरू करने के लिए लोग प्रधानमंत्री के आभारी हैं। जरदोश, जिनके पास कपड़ा मंत्रालय भी है, ने कहा कि मोदी नई तकनीक और नई गति को अपनाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा लिए गए संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ऑनलाइन समारोह में एक सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन दूसरी एसी ट्रेन में सवार हुए। उन्होंने कहा कि केरल को और अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस मिलेंगी।

मुरलीधरन ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत भर में नौ में से एक सेमी-हाई स्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखाना एक खुशी का अवसर है।

यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य को ऐसी और ट्रेनें मिलेंगी, उन्होंने कहा, निश्चित रूप से। अभी 34 ट्रेनें हैं। अभी 400 से ज्यादा आना बाकी है। मुरलीधरन के अलावा भारतीय रेलवे की यात्री सुविधा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष पी के कृष्णदास और केरल के खेल, वक्फ और हज तीर्थयात्रा, डाक एवं टेलीग्राफ मंत्री वी अब्दुर्रहमान और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन भी नई ट्रेन में सवार थे।

## मुख्यमंत्री ने किया डी.ए.वी.पी.जी कॉलेज के स्मार्ट लाइब्रेरी स्थापना के कार्यों का शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को करनपुर, देहरादून स्थित डी.ए.वी.पी.जी कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 105वाँ संस्करण सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डी.ए.वी.पी.जी कॉलेज के स्मार्ट लाइब्रेरी स्थापना के कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मन की बात एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों द्वारा सामान्य परिस्थितियों में किए जा रहे सराहनीय कार्यों को आगे लाया जाता है। इससे अन्य लोगों को भी विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री जी ने नैनीताल के युवाओं द्वारा बच्चों के लिए शुरू




की गई अनोखी घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र किया। जिसके माध्यम से नैनीताल जनपद के दुर्गम 12 गांवों में रहने वाले बच्चों को स्कूल की किताबों के अलावा 'कविताएँ', 'कहानियाँ' और 'नैतिक शिक्षा' की किताबें भी पढ़ने को मिल रही है। यह पहल बच्चों को खूब भा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में मातृशक्ति के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पारित हो चुका है। राज्य में भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई। राज्य में सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ हों, इसके लिए सख्त नकल विरोधी कानून लाया गया है। समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।इस अवसर पर विधायक खजानदास, प्रधानाचार्य डी.ए.वी पी.जी कॉलेज डॉ. के.आर. जैन, अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बदरीनाथ हाईवे पर वाहन दुर्घटना में तीन घायल

**चमोली।** बदरीनाथ हाईवे पर एक वाहन चटवा पीपल पेट्रोल पंप के पास सड़क के नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मौके पर तुरंत चौकी गौचर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची।

दुर्घटना ग्रस्त वाहन से रेस्क्यू कर वाहन में सवार तीनों लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया। तीनों व्यक्तियों पर हल्की-फुल्की छोटे हैं। तीनों व्यक्ति उक्त वाहन से देहरादून से गरुड़ जा रहे थे। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया घायल लोगों में विनोद तोमर पुत्र आनंद सिंह निवासी पंडितवाड़ी देहरादून उम्र 42 ,अनूप तोमर पुत्र रोशन सिंह निवासी विकासनगर देहरादून उम्र 39 , अमर चौहान पुत्र दिलीप सिंह निवासी प्रेम नगर देहरादून उम्र 42 वर्ष हैं।

## पूजा-अर्चना के बाद फ्यूला नारायण मंदिर के कपाट बंद

**चमोली।** फ्यूलानारायण मन्दिर के कपाट रविवार को पूजा अर्चना एवं विधि विधान के साथ भूमिक्षेत्र पाल भर्की भूमियाल एवं भगवती दांणी की मौजूदगी में बंद हो गये। पूजा अर्चना के बाद पुजारी फ्यूया अब्बल सिंह एवं फ्यूयाण पार्वती देवी कंडवाल ने भगवान नारायण का श्रृंगार कर भगवान नारायण के कपाट बंद किये। विश्व कल्याण के लिए भगवान फ्यूलानारायण ध्यान अवस्था में हुये। अब अगले वर्ष जुलाई में फ्यूलानारायण मंदिर के कपाट खुलेंगे। उर्गम के संस्कृति धर्मी रघुवीर सिंह नेगी ने बताया कि उच्च परम्परा और पूजा अर्चना के बाद फ्यूला नारायण मंदिर के कपाट बन्द होने के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बताया फ्यूला नारायण मंदिर में भगवान नारायण के श्रृंगार एवं पूजा अर्चना का अधिकार केवल महिलाओं को ही है। उर्गम घाटी में स्थित फ्यूलानारायण मंदिर हिमालय का अकेला एक मात्र ऐसा मंदिर है जहां महिलाओं को ही नारायण की साज श्रृंगार और पूजा का अधिकार है।

फ्यूला नारायण मन्दिर के कपाट हर वर्ष श्रावण के निश्चित तिथि पर श्रद्धालुओं के लिए खुलते हैं और नन्दा अष्टमी के बाद नवमी तिथि को बन्द हो जाते हैं। फ्यूला नारायण की मूर्ति चतुर्भुज रूप में विराजमान है। नारायण की मूर्ति के दोनों तरफ जय विजय दो द्वारपाल हैं। संस्कृति धर्मी रघुवीर सिंह बताते हैं कि पौराणिक कथाओं के अनुसार मान्यता है कि नारायण के द्वार पाल जय विजय थे।

# उत्तर-पश्चिम हिमालय के नीचे बढ़ रहे तनाव से बड़े भूकंप का खतरा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम हिमालय के नीचे सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पिछले 20 सालों में आए 4500 से अधिक भूकंप के हल्के झटकों के बाद यहां भूगर्भ में लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। जमीन के नीचे खिंचाव की स्थिति है। यह तनाव गढ़वाल-कुमाऊं क्षेत्र में मेन सेंट्रल थर्स्ट जोन के दक्षिण में दर्ज किया जा रहा है।

भूकंप के लिहाज से इस लॉक जोन में पैदा तनाव आगे नहीं बढ़ने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। भूगर्भ में पत्थरों की जटिल संरचना अवरोध पैदा कर तनाव को दक्षिण दिशा में आगे नहीं बढ़ने दे रही है। इससे यह स्ट्रेस चमोली और आसपास के क्षेत्र में ही निकल रहा है। यह तनाव इस क्षेत्र में बड़े भूकंप का खतरा भी बढ़ा रहा है।

भूगर्भ वैज्ञानिक डॉ. काला चंद्र सेन, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. अजय पॉल और डॉ. राकेश सिंह ने हिमालय क्षेत्र में भूकंप के खतरों को लेकर शोध किया है। उनका यह शोध रिसर्च जनरल टेक्टोनोफिजिक्स में प्रकाशित हुआ है। वाडिया इंस्टीट्यूट में आयोजित कार्यशाला में शोध को प्रस्तुत किया गया।

डॉ. अनिल तिवारी ने रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर बताया कि उत्तर-पश्चिम हिमालय क्षेत्र भूकंप के लिहाज से लॉक जोन है। 1905 के कांगड़ा




भूकंप और 1934 के बिहार-नेपाल भूकंप के बीच का यह गैप जोन है, जहां 250 साल से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया। इससे पहले यहां तीव्र भूकंप दर्ज किया गया था। लेकिन इस गैप एरिया में 12 से 25 किमी गहराई में 1.8 से 5.7 मैग्नीट्यूट के हल्के भूकंप के झटके लगातार दर्ज किए जा रहे हैं।

शोध के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम हिमालय या उच्च हिमालय क्षेत्र में चमोली और आसपास भूकंप के हल्के झटकों के हाइपोसेंटर यानी तनाव जमीन के अंदर और उसके आसपास जमा हो रहा है। चमोली क्षेत्र में भूगर्भ में स्ट्रेस के कारण सर्वाधिक एनर्जी निकल रही है। इस स्ट्रेस ड्रॉप से लगातार तरंगें निकल रही हैं। साफ्टवेयर की मदद से तरंगों का अध्ययन कर तनाव का आंकलन किया गया है। यह पाया गया कि इस इलाके में तनाव उत्तराखंड में अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक और तेजी से बढ़ रहा है। यह यहीं उत्पन्न होकर यहीं पर डिसॉल्व हो रहा है। उच्च हिमालय के 12 से 14 किमी. गहराई में इस दबाव का बढ़ना पाया गया है।

देहरादून भी भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। यहां पर शहंशाही आश्रम से मसूरी की ओर मेन बाउंड्री थर्स्ट गुजरती है, लेकिन चमोली रेंज में जमीन के नीचे बढ़ने वाला तनाव दक्षिण दिशा में नहीं बढ़ पा रहा है। नीचे पत्थरों की जटिल संरचना भूकंप को देहरादून की ओर बढ़ने से रोक रही है। इस कारण चमोली रेंज में बढ़ते तनाव का देहरादून पर कोई खास असर नहीं दिख रहा।

# सीमेंट चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार



रुड़की। सीमेंट चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस फरार चल रहे पांच आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है। रविवार को भगवानपुर थाने में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात स्वप्न किशोर और पुलिस क्षेत्र अधिकारी मंगलौर बीएस चौहान ने बताया कि परमजीत सिंह, निवासी मोहम्मदपुर बालाहरि कलन, पंजाब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने एक ट्रक में 19 सितंबर को 40 टन सीमेंट भरकर विकासनगर के लिए भेजा था। लेकिन, चालक ने इमलीखेड़ा रोड पर एक ढाबे पर सीमेंट बेच दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की। पुलिस ने दो ट्रैक्टर–ट्रालियों में भरे 225 सीमेंट के बोरे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

इसके साथ ही पुलिस ने ट्रक चालक और उसके भाई को भी गिरफ्तार कर लिया।

## धोलास में स्थापित गणपति प्रतिमा का नून नदी में विसर्जन

देहरादून। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना..,एक दो तीन चार, गणपति जी की जय जयकार...,जैसे जयघोषों के साथ श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास में 15 वें श्री गणेश महोत्सव का समापन हुआ। मौके पर श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर महिला भजन मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। फिर धोलास ग्राम की ग्राम परिक्रमा की गई। भजन नृत्य करते हुए महिलाएं, बच्चे और पुरुष जंतनवाला के पास बहने वाली नून नदी में पहुंचे। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ भगवान गणेश जी के विग्रह को गणपति बप्पा के जयकारों के साथ विसर्जित किया गया। इस अवसर पर श्री धोलेश्वर महादेव के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी,लक्ष्मी बिष्ट मौजूद रहे।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश परब

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार के तत्ववाधान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला पावन प्रकाश परब श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक कथा कीर्तन के रूप में मनाया गया। प्रातः नितनेम के पश्चात नरेंदर सिंह ने आसा दी वार का शबद वाणी गुरु गुरु है वाणी, विच वाणी अमृत सारे.. हजुरी रागी गुरदयाल सिंह ने शबद सब सिखन को हुक्म है गुरु मानियो ग्रंथ.., हेड ग्रंथी शमशेर सिंह ने गुरमत विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु अर्जुन देव जी ने गुरुओं – भगतों, गुरसिख साहिबान की बाणी को भाई गुरदास से एक ग्रन्थ में लिखवाया और बाबा बूढ़ा जी को पहले हेड ग्रंथि बना कर श्री हरमंदिर साहिब जी में आदि गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश करवाया। गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी हमें जात–पात और अंधविश्वास से दूर रहने का उपदेश देती है। दरबार साहिब श्री अमृतसर से पधारे हजुरी रागी भाई सिमरनजीत सिंह ने शबद पोथी परमेश्वर का थान.., साध संग गाविह गुण गोबिंद पूरन ब्रह्म गियान..का गायन कर संगत को



निहाल किया। गुरु घर से उनको सरोपा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य संतोख सिंह नागपाल को उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। महासचिव गुलज़ार सिंह ने संगत को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश परब की बधाइयां दी। संचालन देविंदर सिंह भसीन ने किया। कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर प्रसाद छका। कार्यक्रम में महासचिव गुलज़ार सिंह, विजय पाल सिंह, आरएस राणा, सुरजीत सिंह, गुरदेव सिंह साहनी, गुरजिन्दर सिंह आनंद, जसबीर कौर, सेवा सिंह मठारु, तिलक राज कालरा उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्कूली बच्चों ने गंगा घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया

ऋषिकेश। भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र–छात्राओं ने नदी किनारे घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान आसपास के लोगों को गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया। रविवार को जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य विनोद जुगलान के नेतृत्व में गंगातट त्रिवेणी घाट पर हैप्पी होम स्कूल ऋषिकेश के विद्यार्थियों, नगर निगम की त्रिवेणी सेना की महिला सदस्यों और नगर के पर्यावरण मित्रों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर जुगलान ने आसपास



लोगों को गंगा तट पर साबुन का प्रयोग न करने और कूड़ा निस्तारण न करने का भी संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रतिभा सरण, अशोक कुमार, आरुषि, गुरमीत सिंह, केएल मदान, विशाल खैरवाल, शुभभ मैनी, हार्दिक कुमार, शिवानी उनियाल, मंजू देवी, पूजा, बबली, रामकली, ज्योति, रेखा, सुमन, आरजू और आरती आदि मौजूद रहे।

## देवप्रयाग में शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत किया

नई टिहरी। विहिप की अगुवाई में बजरंग दल की ओर से आयोजित शौर्य जागरण यात्रा का भगवान राम की तपस्थली देवप्रयाग पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। जय श्रीराम का उद्घोष करते यात्रा पावन अलकनंदा और भागीरथी संगम तट पर पहुंची।

अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मन्दिर जलाभिषेक के लिये देवप्रयाग संगम तट से कलश में गंगा जल भरा गया। विहिप प्रदेश अध्यक्ष रविदेव आनंद, संगठन मंत्री अजय तथा बजरंग दल प्रदेश संयोजक अनुज वालिया ने संगम तट पर मां गंगा की आरती में प्रतिभाग किया। गंगा सेवा समिति अध्यक्ष माधव मेवाड गुरु, तीर्थ पुरोहित दिनेश प्रयागवाल,जमुना प्रसाद डबराल, योगेश भट्ट आदि ने संगम तट पर विधिवत पूजन अर्चना कर गंगा जल को कलश में भरा। इसके बाद शौर्य जागरण यात्रा प्राचीन श्री रघुनाथ मन्दिर पहुंची जहां यात्रा में शामिल सभी लोगों द्वारा भगवान राम की पूजा अर्चना की गई।

# कांता प्रसाद को मिलेगा देवभूमि लोग सम्मान

चमोली। उत्तराखंड फिल्म इंडस्ट्री के जाने–माने फिल्म निर्माता निर्देशक व अभिनेता कांता प्रसाद को उत्तराखंड की संस्कृति बोली भाषा के विकास में सराहनीय योगदान के लिए देवभूमि लोग सम्मान 2023 से नवाजा जाएगा। उन्हें यह सम्मान 27 सितंबर को दिल्ली के एलटीजी ऑडिटोरियम में आयोजित समझ में हिमाद्री फिल्म की ओर से दिया जाएगा। गढ़वाली फिल्म एवं वीडियो एलबमों के सुपरस्टार 45 वर्षीय कांता प्रसाद नारायणबगड़ विकासखंड के ग्राम सभा कौब के रहने वाले हैं । उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी संस्कृति और बोली भाषा पर कार्य करने का निश्चय किया एवं इसी को करियर के रूप में अपनाया, अब तक अपने फ़िल्मी करियर में कांता प्रसाद 16 से अधिक गढ़वाली फिल्मों का निर्देशन तथा 500 से अधिक वीडियो एलबम में निर्देशन व अभिनय कर चुके हैं। उत्तराखंड फिल्म टेलीविजन एवं रेडियो संगठन के संस्थापक सदस्य महासचिव उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने लोक संस्कृति बोली भाषा को बढ़ावा देने के लिए कई सांस्कृतिक यात्राओं का आयोजन किया उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सदस्य रहते हुए और अपने प्रोडक्शन हाउस केपीजी फिल्म प्रोडक्शन के जरिए नवोदित लोग गायको कलाकारों संगीतकारों को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने मंच प्रदान किया फिल्म निर्माता पर निर्देश कांता प्रसाद को देवभूमि लोग सम्मान 2023 के गौरव सम्मान से सम्मानित होने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों लोग गायको कलाकारों एवं अन्य लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी है। विधायक भूपाल टम्टा, ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी, पूर्व विधायक डॉ.जीतराम, समाजसेवी डॉक्टर हरपाल नेगी, लोक गायक मुकेश सती, प्रमुख देवेंद्र नेगी समेत विभिन्न लोगों ने कांता प्रसाद को दिए जा रहे देवभूमि लोग सम्मान का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है।।

## एक नजर

### रियल एस्टेट में नौकरी करने वाली युवती के बंद कमरे में चोरी

देहरादून। आमवाला में रहने वाले युवती के कमरों का ताला तोड़कर चोर नगदी, गहने और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। युवती इस दौरान अपने मकान का ताला लगाकर दिल्ली चली गई थी। उसकी तहरीर पर रायपुर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि अनुराधा चौधरी पुत्री अशोक कुमार पिछले दो महीने से आमवाला में हनीश सिंह कार्की के मकान में किराये पर रह रही हैं। वह यहा रियल एस्टेट कंपनी में नौकरी करती है। इनके माता–पिता दिल्ली में रहते हैं। 17 सितंबर को सुबह वह मकान में अपने हिस्से को लॉक कर माता–पिता के पास चली गई। शनिवार दोपहर को वापस लौटी। इस दौरान अपने कमरे में दाखिल हुई तो देखा सारा–सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। कमरे में रखी 25 हजार रूपये नगदी, दो सोने की चेन, दो पाजेब, दो मोबाइल फोन, टीवी, एसी समेत काफी कीमती सामान चोरी हो गया। चोरों ने एक दरवाजे का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने यह देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और साक्ष्य जुटाए। एसओ कुंदन राम ने बताया कि आसपास के संदिग्धों से पूछताछ कर चोरों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### परवल में चोरी से बिजली के उपयोग पर पांच लोगों पर मुकदमा

देहरादून। चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे पांच लोगों पर पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज है। पांचों लोग परवल के रहने वाले हैं। जिन्होंने बिना कनेक्शन सीधे बिजली लाइन में कटिया डाली हुई थी। विद्युत विभाग की छापेमारी में यह चोरी पकड़ी गई है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि अवर अभियंता गणेशपुर विद्युत स्टेशन रणजीत सिंह कुंवर ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को परवल क्षेत्र में विभागीय टीम के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान वासद पुत्र मासूम, उमर पुत्र शहजाद, आमिर पुत्र जारिफ, शोएब खान पुत्र असलम और जुबेर पुत्र असलम के घरों में केबिल बिजली की लाइन में डालकर बिजली का उपयोग घरों में होता मिला।

### उत्तराखंड में निवेश के लिए बड़े ग्रुप उत्साहित

देहरादून। उत्तराखंड में निवेश को लेकर बड़े ग्रुप उत्साहित नजर आ रहे हैं। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में सर्वाधिक अवसर भारत में है और इस समय देश में घरेलू टूरिज्म बूम पर है। रविवार को महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने एक्स पर टिप्पणी करते हुए लिखा कि दुनिया में हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में भारत में सर्वाधिक अवसर हैं। क्यूंकि इस समय घरेलू टूरिज्म बूम पर है।

# नशा मुक्ति केंद्र में बुलाकर युवक को पीटा

देहरादून। नशा मुक्ति केंद्र संचालक ने एक युवक को अपने केंद्र में बुलाकर मारपीट की। युवक पहले उसके नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती रहा था। आरोपी ने अपनी बर्थडे पार्टी बुलाकर वहां अन्य लोगों संग मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि करन निवासी नेहरुग्राम ने तहरीर दी। बताया कि 17 सितंबर की रात आठ बजे नशा मुक्ति केंद्र विकसित जीवन के मालिक आकाश थॉमस का फोन उसके पास आया। उन्होंने करन को अपनी जन्मदिन पार्टी में बुलाया। कहा कि केक भी लेकर आए। पीड़ित वहां पहले भर्ती रहा था, इसलिए सम्मान के तौर पर केक लेकर चला गया। आरोप कि केंद्र में जाने के कुछ देर बाद आकाश थॉमस ने पीड़ित को फोन छीन लिया। ताकि, किसी को वह फोन न कर पाए। इसके बाद पीड़ित से मारपीट की कोशिश की गई। इस दौरान वहां 10–12 लोग मौजूद थे। करन ने खुद को बचाने के लिए सेंटर की दीवार से नीचे छलांग लगा दी। नीचे गिरा तो पैर में चोट आई फिर भाग नहीं पाया। आरोप है कि इस दौरान आकाश ने अपने साथियों संग पीड़ित को पकड़ा और वापस सेंटर के अंदर ले जाकर लाठी डंडों से मारपीट की। वारदात 15 सितंबर की रात 11 बजे से एक बजे के बीच की है। एसओ कुंदन राम ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नर्सिंग होम को लेकर स्थानीय लोगों में रोष

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र के गुरुबक्श विहार में संचालित नर्सिंग होम को लेकर स्थानीय लोगों ने रोष जताया है। आरोप है की मानकों के विपरीत नर्सिंग होम का निर्माण और संचालन किया जा रहा है। कहा कि नर्सिंग होम का कूड़ा कॉलोनी की सड़कों पर फेंका जा रहा है। रविवार को गुरुबक्श विहार के स्थानीय लोगों ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता की। स्थानीय निवासी अनीस अरोड़ा आदि ने नर्सिंग होम को अवैध बताते नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग से कई बार शिकायत करने के बाद भी सिर्फ कागजी कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि नर्सिंग होम का नक्शा आवासीय में पास कराकर व्यावसायिक गतिविधि संचालित की जा रही है।

# सुबह से शाम तक श्यामपुर में आफत बना जाम

ऋषिकेश। श्यामपुर में रेलवे फाटक के दोनों तरफ नेशनल हाईवे पर रविवार को सुबह से शाम तक लोगों को जाम का झाम झेलना पड़ा। महज एक किलोमीटर के राजमार्ग से गुजरने में ही वाहन सवारों को करीब एक घंटे का वक्त लगा। हरिद्वार–ऋषिकेश आने–जाने के लिए लोगों को गांवों की आंतरिक सड़कों का भी रुख करना पड़ा। रविवार सुबह से ऋषिकेश जाने के लिए हरिद्वार की तरफ से पर्यटक वाहनों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। नेपाली फार्म फ्लाईओवर से श्यामपुर फाटक तक वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हुईं। जाम का सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक जारी रहा। ऋषिकेश से हरिद्वार जाने के लिए भी वाहन सवारों को दिक्कतें झेलनी पड़ी। पुलिस कर्मियों की यातायात सुचारु करने की तमाम



कोशिशें भी संकरे हाईवे और रेलवे फाटक पर फेल नजर आई। हाईवे पर जाम में एक–दूसरे से आगे निकलने की होड़ में टूलेन पर वाहनों की चार–चार कतारें लगीं नजर आईं। कई वाहन सवार रॉन्ग साइड पर भी वाहन दौड़ाते नजर आए। राजमार्ग पर गड्ढों ने भी लोगों की मुसीबतों को बढ़ाए रखा। हाईवे पर जाम से कई वाहन सवारों ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों का भी रुख किया। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि राजमार्ग संकरा होने के साथ ही बरसात में कई स्थानों पर उखड़ भी चुका है। रेलवे फाटक भी वाहनों की रफ्तार धीमी करने में बड़ी वजह बन रहा है। राजमार्ग पर वाहनों का दबाव अत्याधिक होने से परेशानी हो रही है। हरिद्वार से आने वाले बाहरी राज्यों के वाहनों को नेपालीफार्म–भानियावाला–रानीपोखरी से ऋषिकेश की तरफ डायवर्ट भी किया गया।

# मसूरी रोड पर देर रात तक खुले छह मैगी प्वाइंट के खिलाफ कार्रवाई

देहरादून। मसूरी–देहरादून मार्ग पर देर रात तक खुले छह मैंगी प्वाइंट संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही इनके चालान करने के अलावा चेतावनी भी दी गई। मसूरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर शनिवार रात को मसूरी–देहरादून मार्ग पर स्थित कुछ मैगी प्वाइंट के देर रात तक खुलने और अनियमितता पाए जाने की शिकायत पर कार्रवाई की। पुलिस ने मैगी प्वाइंट संचालक जवनीत पुत्र मनजीत सिंह निवासी नेशविला रोड देहरादून, दीपक पुत्र राकेश निवासी एमडीडीए कॉलोनी हाल स्काई व्यू मैगी प्वाइंट मसूरी, भूपेन्द्र रावत निवासी क्लेमनटाउन, हेमन्त कुमार निवासी मैगी प्वाइंट मसूरी, शुभम पुत्र गणेश निवासी मैगी प्वाइंट मसूरी, जितेन्द्र नेगी पुत्र हरि सिंह निवासी मैगी प्वाइंट मसूरी के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की। इधर, प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने रविवार को मसूरी–देहरादून मार्ग पर स्थित होटल ,रेस्टोरेन्ट, मैगी प्वाइंट, कैफे हाउस संचालकों के साथ बैठक की। उन्हें अपने प्रतिष्ठान में शराब नहीं पिलाने की हिदायत दी। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी। रात 10 बजे के उपरान्त कोई भी प्रतिष्ठान खुला नहीं रहेगा।

## डॉक्टर को हटाने की मांग

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लाक के जनप्रतिनिधियों ने डीएम मयूर दीक्षित को शिकायत पत्र सौंपकर सीएचसी प्रतापनगर में कार्यरत डॉक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तत्काल हटाने की मांग की है। एक सप्ताह के भीतर न हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रतापनगर ब्लाक के जनप्रतिनिधियों में खोलगढ़ पल्ला की प्रधान आरती रावत, मिश्रवाण गांव के बीडीसी मेंबर संजय रावत, प्रधान दिनेश जोशी, खोलगढ़ के बीडीसी मेंबर पुरूषोत्तम पंवार डीएम दीक्षित को लिखे पत्र में कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर उन्हें नहीं हटाया गया,

## एनएसएस को समाज के लिए कल्याणकारी बताया

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–वन के छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का 54वां स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभारी कुलपति की प्रो. अंबुज कुमार, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, जिला एनएसएस कोऑर्डिनेटर एसपी सिंह, विवि के एनएसएस के वरिष्ठ प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. जेआर मीना,शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभाग प्रभारी डॉ.अजय मालिक मौजूद रहे। संचालन हर्ष कुमार नामदेव ने किया।

# पंचायत विकास इंडेक्स का दिया प्रशिक्षण

नई टिहरी। पंचायत विकास इंडेक्स का प्रशिक्षण बहुद्देशीय हाल में दिया गया। जिसमें सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के ग्राम पंचायत स्तर पर किये गये प्रयासों व मापन के उद्देश्यम से पंचायत विकास सूचकांक की गणना एवं बेस लाईन रिपोर्ट के लिए डाटा एकत्रीकरण एवं रखरखाव के लिए ग्राम पंचातय स्तर से राज्य तक के विभागों की समितियों, उप समितियों का गठन किया गया है।

यह जानकारी देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा खाने ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत बताया गया है कि जनपदस्तरीय अनुश्रवण समिति के तहत जनपद स्तर पर डाटा की गुणवत्ता व एकत्रीकरण का कार्यों के अनुश्रवण के लिए डीएम अध्यक्ष, सीडीओ सदस्य सचिव, जिला एवं अर्थ संख्याधिकारी सदस्य और नोडल विभागों के अधिकारी भी सदस्य रखे गये हैं। जनपद स्तर पर डाटा पुष्टिकरण टीम भी होगी, जो जनपदस्तरीय अनुश्रवण समिति की मदद करेगी। यह विकासखंडों से प्राप्त ग्राम पंचायत डाटा का सत्यापन करेगी। डाटा सही नहीं पाये जाने पर पुनः सत्यापन के वापस किया जायेगा।

डाटा सही होन पर राज्य स्तरीय समित को भेजा जायेगा। इसके अध्यक्ष सीडीओ और सदस्य सचिव अर्थ व संख्याधिकारी और रेखीय विभागों के नोडल अधिकारी सदस्य होंगे। उप मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति में एसडीएम अध्यक्ष, बीडीओ सदस्य सचिव व रेखीय विभाग सदस्य होंगे। पंचायत विकास सूचकांक की गणना व प्रकाशन आगामी 31 अक्टूबर तक सुनिश्चित किया जाना है। गणित समितियां ग्राम पंचायत से सम्बंधित 9 थीम्स, 144 स्थानीय लक्ष्यों तथा 688 डाटा बिंदुओं के आधार पर कुल 577 स्थानीय संकेतांकों पर स्पष्ट डाटा एकत्रीकरण की कार्यवाही कर जनपद स्तरीय पुष्टिकरण टीम को प्रेषित करेंगे। प्रशिक्षण में विकास व रेखीय विभागों के तमाम अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# देश और समाज का गौरव हैं संत : कौशिक

हरिद्वार। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि संत–महापुरुष देश एवं समाज का गौरव हैं। जो अपने भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। जिस भी व्यक्ति पर संतों की कृपा बरसती है, उसका जीवन भवसागर से पार हो जाता है। भूपतवाला स्थित श्रीभगवान धाम कबीर आश्रम धर्मशाला ट्रस्ट के आठवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित संत सम्मेलन में कौशिक ने कहा कि स्वामी जितवानंद विद्वान एवं तपस्वी महापुरुष हैं। वे अपनी विद्वत्ता के माध्यम से समाज का



मार्गदर्शन कर राष्ट्र को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। श्रीचेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। स्वामी जितवानंद ने कहा कि सनातन धर्म को सर्वोच्च शिखर पर ले जाना ही संतों का मूल उद्देश्य है। कबीर आश्रम के अध्यक्ष स्वामी प्रकाशानंद ने कहा कि संत समाज की सेवा करते हुए समाज कल्याण में योगदान सुनिश्चित करना ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में शामिल हुए संत–महापुरुषों का स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी परमानंद एवं स्वामी श्यामानंद ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि, महंत दुर्गादास, महंत सूरज दास, महंत प्रह्लाद दास, महंत विष्णु दास,स्वामी नित्यानंद, महंत गुरमीत सिंह, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, महंत दिनेश दास, महंत बिहारी शरण, महंत नारायण दास पटवारी, पार्षद अनिरुद्ध भाटी आदि मौजूद थे।

## रैली निकाल कर ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिद्वार। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को ग्राम पंचायत औरंगाबाद में निदेशक स्वजल कर्मेन्द्र सिंह और संयुक्त निदेशक पंचायती राज विभाग हिमालयी जोशी पेटवाल ने ग्रामीणों के साथ रैली निकाली ।

उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूक कर सफाई भी की। ग्राम प्रधान कमलेश देवी, जिला पंचायत सदस्य विमलेश चौहान के साथ पहुंचे निदेशक स्वजल ने कहा कि जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण में राज्य में प्रथम स्थान मिला है।

# दुबड़ी का त्यौहार धूमधाम से मनाया

देहरादून। जौनपुर के गांवों में दुबड़ी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। टकारना, गैड़, चामासारी, लगड़ासू सहित कई गांवों में खुशहाली और समृद्धि का त्योहारी दुबड़ी को हर साल मनाया जाता है। इस त्यौहार में ग्रामीण इन दिनों होने वाली खेतों की खड़ी फसलों में झंगोरा, कौंणी, मंडुआ, मक्का आदि के पौधों को उखाडकर पंचायती चौक में लाते हैं। उन्हें एक तने के सहारे खड़ा किया जाता है, गांव की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में आरती की थाल से दुबड़ी के पुतले की पूजा करती हैं। इसके बाद पुरुष दुबड़ी के पुतले को उखाड़ने के लिए जोर आजमाइश करते हैं। जो बड़ा ही रोमांचकारी दृश्य होता है। पुतला उखड़ने पर ढोल दमाऊंकी ताल पर तांदी, मंडाण और लोकगीत गाए जाते हैं। गांव से जो भी लोग शिक्षा, रोजगार के लिए बाहर रहते हैं वह सभी लोग भी इस त्योहार को मनाने गांव आते हैं। इस त्यौहार में अनेक प्रकार के पकवान भी बनाए जाते हैं, जिसका लोग बड़ा लुफ्त भी उठाते हैं। इस मौके पर स्थानीय निवासी राजेंद्र रावत ने बताया कि जौनपुर ,जौनसार में दुबड़ी का त्योहार पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया गया।

# भगवान राम ने किया रावण का वध, जय श्री राम के जयघोष से गूंजा पंडाल

## बद्री केदार समिति की ओर से आयोजित किया गया रामलीला मंचन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** बद्री केदार समिति की ओर से आयोजित रामलीला में शनिवार रात रावण वध का मचन किया गया। इस दौरान रावण का वध होते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।

बेलाडाट में आयोजित रामलीला में भगवान राम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। रावण के सिर बार–बार काटने पर पुनः आ जाते हैं, ऐसे में विभीषण श्रीराम के पास आते हैं और बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है। जब तक अमृत को नहीं सुखाया जाएगा तब तक रावण की मृत्यु नहीं हो पाएगी। उसके बाद भगवान राम बाण मारकर रावण की नाभि का अमृत सुखा देते हैं। उसके बाद रावण गिर जाता है। रावण के जमीन पर गिरने के बाद भगवान राम लक्ष्मण को रावण के पास जाकर राजनीति की शिक्षा लेने का आदेश देते हैं। लक्ष्मण रावण के सिर के पास खड़े होकर राजनीति की शिक्षा देने को कहते हैं।

रावण कहता है कि यदि उन्हें शिक्षा लेनी है तो वह उनके पैरों के पास खड़े हों। रावण की यह बात सुनकर लक्ष्मण भगवान राम की ओर देखते हैं। राम, लक्ष्मण को रावण के पैरों के पास खड़े होने को कहते हैं। उसके बाद लक्ष्मण रावण के पैरों के पास जाकर खड़े हो जाते हैं। रावण लक्ष्मण को शिक्षा देता है और बाद में प्राण त्याग देता है। इसके बाद रामलीला का पूरा मंचन राज के जयघोष से गूंज उठता है। इस मौके पर दिनेश चंद्र ध्यानी, नीरज ध्यानी, दीपक गौड़, शशि देवी, शांति देवी, शांतनु थपलियाल, सुदीप बैंठियाल, संदीप रावत आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के बेलाडाट में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

# नारी शक्ति वंदन बिल पास होने पर जताई खुशी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** देश की सर्वोच्च संस्था लोकसभा और राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन बिल पास होने पर कोटद्वार जिला भाजपा महिला मोर्चा ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण के स्थानीय कैंप कार्यालय में खुशी व्यक्त करते हुए नारेबाजी के बीच मिष्ठान वितरित किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में लोकसभा और राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन बिल के पारित होने से भारतीय लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी। कहा कि आने वाले समय में अब संसद व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इससे पूरे देश की महिलाओं में खुशी है। प्रधानमंत्री हमेशा से ही महिलाओं के बारे में सोचते हैं व लगातार उनके सशक्तिकरण का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि यह बिल महिलाओं के लिए सौगात है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की समस्त पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# क्लब ने आपदा प्रभावितों को दी राहत सामग्री

**कोटद्वारः** लायंस क्लब डायनेमिक और लायंस क्लब डिगनिटी कोटद्वार की ओर से 13 अगस्त को कोटद्वार में आई बाढ़ के 350 आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री भेंट की गई।

नजीबाबाद रोड स्थित चंद्रज्योति कुंज में आयोजित कार्यक्रम का लायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर जितेंद्र चौहान और उनकी पत्नी बबीता चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्लब की ओर से आपदा प्रभावितों को 500 कंबल, 300 चादर, 150 रजाई, 100 गद्दे, 70 प्रेशर कुकर, 50 टीन के बॉक्स, 100 चटाइयां, 50 पानी की बोतलें, 50 स्कूल बैग कॉपी व पेंसिल सहित, 100 भगोने, 300 खाने की प्लेट्स, 300 गिलास, खाद्य सामग्री, कपड़े और जूते इत्यादि प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब के मंडलाध्यक्ष पंकज बिजलवान, पूर्व मंडलाध्यक्ष आलोक भटनागर, लायंस क्लब डायनेमिक के अध्यक्ष मुकेश बत्रा, लायंस क्लब डिगनिटी के अध्यक्ष रोहित बत्ता, हुकुम सिंह नेगी, प्रशांत रस्तोगी, अनिल मोहन, आशीष अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, राजेश फूल, राजेश बत्रा, अवधेश चमोली, राजीव नैनी, अजय भाटिया आदि मौजूद रहे।

# युवक ने पंखे से लटककर दी जान

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ीः** कल्जीखाल ब्लाक के पीपलपानी में एक युवक ने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

घटना शनिवार देर शाम की है। सूचना मिलने पर राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे लेकर जांच पड़ताल की।

मृतक की पहचान मनीष 22 पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई है। राजस्व उपनिरीक्षक दीपचंद ने बताया कि युवक जखेटी पोस्ट ऑफिस में डाकिया के पद पर संविदा कार्यरत था।

मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। बताया कि शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पौड़ी भेज दिया गया है।

# धूमधाम से मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में एनएसएस का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

जीजीआईसी कलालघाटी में एनएसएस स्थापना दिवस पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मंजु कपरवाण ने स्वयं सेवियों को सेवा की शपथ दिलाई तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़ने पर बधाई दी। छात्राओं ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्वयं सेवी कार्यक्रम अधिकारी भावना पाण्डे ने छात्राओं को डायरी और बैज प्रदान किए। वहीं, श्री गुरु राम राय इंटर कालेज पौखाल के एनएसएस स्वयं सेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छ व स्वस्थ समाज का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप बिष्ट ने स्वयं सेवियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। इसके उपरांत स्वयं सेवियों ने विद्यालय परिसर के साथ ही असपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्रामीणों से कूड़े को सार्वजनिक स्थान पर न फेंकने की भी अपील की गई। इस मौके पर कार्यकम अधिकारी रमा तोमर सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, बाल भारती स्कूल पदमपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में भी बताया। रविवार को विद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत ने विद्यार्थियों को जीवन में एनएसएस के महत्व के बारे में बताया।

कहा कि एनएसएस हमें बेहतर जीवन जीने के तरीके सिखाता है। एनएसएस से मिलने वाली जानकारियों को हमें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाली–कुमाऊंनी सहित अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर पार्षद सौरभ नौटियाल, कार्यक्रम अधिकारी सतीश मौर्य, मुकेश सिंह भंडारी, रविंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



एनएसएस के स्थापना दिवस पर प्रस्तुति देती छात्राएं

# पूर्णकालिक अधिकारियों की हो तैनाती

**पौड़ीः** पोखड़ा ब्लाक में प्रभारी अधिकारी के स्थान पर पूर्णकालिक अधिकारियों की तैनाती करने व न्याय पंचायत सेडियाधार की मूलभूत समस्याओं को हल करने की मांग की है। पोखड़ा ब्लाक के पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्लाक के चौबटट-ाखाल तहसील में प्रभारी तहसीलदार के साथ ही प्रभारी खंडशिक्षाधिकारी, खंडविकास अधिकारी, उपशिक्षाधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी उद्यान सचल दल पोखड़ा प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहे है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। कहा कि इसके अलावा न्याय पंचायत सेडियाधार में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

उन्होंने पोखड़ा ब्लाक में पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही न्याय पंचायत सेडियाधार में मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने की मांग उठाई है।

## जिला अस्पताल में शिविर 26 को

पौड़ीः जिला अस्पताल पौडी में 26 सितंबर को श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से निशुल्क हदय रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के वरिष्ठ हदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साहिल महाजन मरीजो को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देगे। जिला अस्पताल के पीआरओ प्रमोद चौहान ने बताया कि शिविर में हिस्सा लेने मरीजो को सोमवार तक पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

# निराश्रित गौवंशों के संरक्षण को लेकर गंभीरता से काम कर रही सरकारः सौरभ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश सरकार निराश्रित गौवंशों के संरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। जिलाधिकारी को कहीं भी सरकारी भूमि को गौशाला के रूप में उपयोग करने की पावर दी गई है। जल्द ही सड़कों पर घूम रहे गौवंशों को गौशाला में शिफ्ट कर दिया जाएगा। कहा कि उत्तराखंड पहला राज्य है जहां निराश्रित गोवंश के लिए कैबिनेट में योजना तैयार की है। गोवंशों के संरक्षण के लिए 82 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रति वर्ष पास किया गया है।

रविवार को कोटद्वार पहुंचे पशु पालन मंत्री सौरभ बहुगुणा व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने चिकित्सकों को पशुओं की सभी दवाएं चिकित्सालय से ही उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक क्षेत्र में पशुओं की बीमारियों को लेकर भी सतर्क रहे। लंपी से बचाव के लिए लगातार टीकाकरण जारी रखे। प्रत्येक वार्ड में जाकर पशु पालकों को लंबी सहित अन्य बीमारियों से बचाव की जानकारी देते रहे। उन्होंने कहा कि पशुपालकों के बेहतर लाभ के लिए विभाग कई कल्याणकारी

**पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया राजकीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण**

योजनाएं चला रहा है। कहा कि निराश्रित पशुओं के संरक्षण के लिए डीएम को पावर दी गई है। जिलाधिकारी किसी भी सरकारी भूमि को गौशाला निर्माण के लिए दे सकते हैं। कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सड़कों पर घूम रहे गौवंशों को सहारा उपलब्ध करवाना है। इस मौके पर गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, राजगौरव नौटियाल, पंकज भाटिया आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के पशु चिकित्सालय का निरीक्षण करते काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा

# विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में रविवार को एन एस एस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वि. वि. डीन प्रो. पीएस राणा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

डीन प्रो. पीएस राणा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हमें समाज में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जनजागृति पैदा करने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षण से इतर इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों का सामाजिक विकास होता है व उनमें सेवा भावना विकसित होती है। मौके पर जिला समन्वयक पारितोष रावत ने एन.एस.एस. के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में गिरिराज सिंह रावत, आर.के.कुकरेती, राकेश मोहन ध्यानी, अरुण कुमार, विकास पाल, श्वेता डोबरियाल, पूजा पंत और रश्मि बोरा सहित समस्त शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।


एनएसएस शिविर में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

# छात्र–छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के औद्यानिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर एकत्रित कूड़े को नष्ट किया।

स्थापना दिवस का शुभारंभ राष्ट्रीय योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. पंकज बहुगुणा ने एनएसएस के कार्य, लक्ष्य के बारे में छात्र–छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. बीपी नौटियाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि समाज को नई दिशा देने में एनएसएस के स्वयं सेवियों की भूमिका हमेशा ही अग्रणी रही है। इस दौरान महाविद्यालय के विभिनन मार्गों पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकार सभी को स्वच्छता की इस मुहिम से जुड़ने का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर ई. तेजस भोसले सहायक कुल सचिव, डा. केसी सिंह, हिमांशु जोशी, सुरेंद्र सिंह नेगी आदि सहित सौ छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

# राज्य आंदोलनकारियों को एक जैसी सुविधाएं दे सरकार

ऋषिकेश। राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक आयोजित कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने सरकार से राज्य आंदोलनकारियों का वर्गीकरण न करने और सभी को एक समान सुविधा देने की मांग की। रविवार को नगर निगम परिसर स्थित इंद्रमणि बडोनी हॉल में आयोजित बैठक में राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि बहुत से राज्य आंदोलनकारी अभी भी चिन्हीकरण से वंचित हैं। इसकी वजह से उन्हें उचित सम्मान और अधिकार नहीं मिल पा रहा है। प्रवर समिति को इस मामले में ठोस निर्णय लेते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश करनी चाहिए। राज्य आंदोलनकारियों का वर्गीकरण न किया जाए। सभी राज्य आंदोलनकारियों को एक समान आरक्षण मिलना चाहिए। राज्य आंदोलन में हिस्सा लेने वाले सभी आंदोलनकारियों के लिए एक समान व्यवस्था होनी चाहिए। मौके पर डीएस गुसाईं, वेद प्रकाश शर्मा, गंभीर सिंह मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, गुलाब सिंह रावत, जगदंबा प्रसाद भट्ट, राजेश शर्मा, विशंभर दत्त डोभाल, संजय शास्त्री, चंदन पंवार, जुगल किशोर बहुगुणा, प्रवीण डोभाल, सत्य प्रकाश, जखमोला, महावीर नेगी, मुन्नी ध्यान, प्रेम नेगी, अंजू गैरोला, उर्मिला डबराल, विमल बहुगुणा, मुन्नी रावत, सुनीता धस्माना, रेखा उनियाल, सीमा पाल, उषा बिजल्वाण आदि रहे।

## आईडीपीएल में मानवीय आधार पर दी जाए बिजली : अग्रवाल

ऋषिकेश। आईडीपीएल में निवासरत लोगों के घरों की बिजली काटे जाने का प्रकरण शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के समक्ष पंहुचा। मंत्री ने मुख्य सचिव को आईडीपीएल कॉलोनी में बिजली उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को विस्थापित क्षेत्र में आईडीपीएल कॉलोनी के लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा के नेतृत्व में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। लोगों ने कहा कि बीते रोज आईडीपीएल कॉलोनी की बिजली काट दी गई है। इससे कॉलोनी में बिजली और पानी की दिक्कतें पैदा हो गयी हैं। मामले का त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू से फोन पर वार्ता कर कहा कि आईडीपीएल में मानवीय आधार पर बिजली उपलब्ध करवाई जाए, जिससे गर्मी और डेंगू जैसी स्थिति में लोगों को राहत मिले।

## 20 बूथों पर एक मंडल अध्यक्ष नियुक्त करेगी कांग्रेसः मोहित

ऋषिकेश। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। कांग्रेस 20 बूथों पर एक मंडल अध्यक्ष नियुक्त करेगी। इसके लिए रविवार को कांग्रेसियों ने चर्चा की। रविवार को रेलवे मार्ग स्थित कांग्रेस भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि संगठन की मज़बूती को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व ने पूरे देश में शहरी क्षेत्रों में वार्डों के लगभग 20 बूथ पर एक मंडल का गठन कर उसकी कार्यकारिणी घोषित करने का निर्णय लिया है। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व और जिलाध्यक्ष की सहमति से एक सप्ताह के भीतर मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा की जाएगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष के नाम के लिए कार्यकर्ताओं से राय ली गई।

मौके पर जयेंद्र रमोला, बूथ व मण्डल प्रभारी गजेन्द्र विक्रम शाही, ऋषिकेश निकाय चुनाव प्रभारी संजय गुप्ता, चंदन पंवार, सतीश शर्मा, सुधीर राय, नीलम तिवारी, मनीष शर्मा, शैलेंद्र बिस्ट, ललित मोहन मिश्र, प्यारे लाल, पार्षद राधा रमोला,पार्षद देवेंद्र प्रजापति, पार्षद विजय लक्ष्मी शर्मा,अरविन्द कुमार, रमेश चौहान, गौरव अग्रवाल, कमल बनर्जी, ऋषभ राणा, हिमांशु जाटव, हिमांशु कश्यप, आदित्य झा आदि रहे।

# लोक नृत्य और कथा कथन में हरिद्वार रहा अव्वल

ऋषिकेश। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास में भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड ने प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया। इसमें प्रांत के 14 संकुलों के विद्यालयों के लगभग 400 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। लोक नृत्य और कथा कथन में हरिद्वार संकुल और स्वरचित कविता पाठ में चम्पावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक विजयपाल सिंह ने किया। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि विद्या भारती सबसे बड़ा शिक्षण संस्थान है। इसके विद्यालय पूरे भारत में चलते हैं और इनमें संस्कारों के साथ–साथ उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। विजयपाल सिंह ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ–साथ बच्चों के चहुमुखी विकास को प्रधानता देती है। समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन संकुल, प्रदेश, क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर पर होता रहता है।

संभाग निरीक्षक गढ़वाल नत्थीलाल बंगवाल ने कहा कि भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड ने प्रांतीय संस्कृति महोत्सव आयोजित किया है। इसमें संस्कृत ज्ञान प्रश्न सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है। इसमें विद्या भारती के संकुलों की दृष्टि से 14 संकुल हरिद्वार, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून, पौड़ी ,रुद्रप्रयाग, चमोली ,बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत, रुद्रपुर, काशीपुर व नैनीताल के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस दौरान लोक नृत्य में हरिद्वार ने प्रथम, चम्पावत ने द्वितीय और रुद्रपुर, बागेश्वर और टिहरी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वरचित कविता पाठ में चम्पावत प्रथम, रुद्रपुर द्वितीय और हरिद्वार संकुल तृतीय रहा। कथा कथन में हरिद्वार संकुल प्रथम, चंपावत द्वितीय और रुद्रपुर तृतीय स्थान पर रहा। मौके पर महंत लोकेश दास, सुरेशानंद जोशी, लोकेन्द्र अंथवाल, प्रधानाचार्य उमाकांत पंत आदि रहे।

## कार को टक्कर मारने के प्रयास में नामजद केस

ऋषिकेश। कार सवार एक व्यक्ति पर हमले के प्रयास के आरोप में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक स्वामी प्रकाशानंद निवासी रूषाफार्म, गुमानीवाला, ऋषिकेश ने तहरीर देकर बताया कि वह एक मामले में कोर्ट से जमानत कराकर कार से वापस लौट रहे थे।

# मां नंदा देवी मेले में खुशी जोशी के भजनों से माहौल हुआ भक्तिमय



अल्मोड़ा। शनिवार को नंदा अष्टमी के अवसर पर भोर से ही मां नंदा, सुनंदा की पूजा अर्चना हेतु भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

कार्यक्रम के शुभारंभ में घुश्मेश्वर महिला समिति के महिला गृहणी कलाकारों द्वारा सजा दरबार गजानन चले आओ सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोक गायिका खुशी जोशी एवं गायक नवीन पाठक, गायक महिपाल मेहता एवं गायक नवीन पाठक द्वारा परिसर में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित दर्शकों के सम्मुख अनेकों भजन प्रस्तुत किए। गायिका खुशी जोशी द्वारा प्रस्तुत भजन ओ मैया भवानी मैया, ये वादा तेरे हनुमान का, राधे राधे बोलो, सज धज के बैठी मां एवं गायक नवीन पाठक के द्वारा प्रस्तुत भजन जो हिमाल माजा गणेश स्तुति, हिम्मत देश वाला शिव स्तुति, जय भोला जय भगवती तथा महिपाल सिंह मेहता द्वारा प्रस्तुत भजन तू ऐ छ मां तू ऐ छो, छोलिया बाजौ की प्रस्तुति से नंदा देवी परिसर एवं आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया व नंदा देवी परिसर दर्शकों की तालियों और माता के जयकारों से गुंजायमान हो गया। वहीं राष्ट्रीय दृष्टिहीन संगठन के सदस्य श्याम सुंदर लोहानी एवं अफराज अहमद द्वारा तुम्ही अंबे तुमही जगदंबे तथा मां नंदा सुनंदा के साथ आ भगवान के घर आजा आदि आदि गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

## विवेकानंद विद्या मंदिर बीसा ने जीता उद्घाटन मुकाबला

बागेश्वर। रंगीली नाकुरी का प्रसिद्ध ऐतिहासिक पौराणिक चार दिवसीय मेले के प्रथम दिवस खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख, मेला संरक्षक बलवंत सिंह भौर्याल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पूरन सिंह गड़ि़या ने संयुक्त रूप से वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला विवेकानंद विद्या मंदिर बीसा ने जीता। मेला स्थल में मुख्य अतिथि दानू ने कहा कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें बेहतर मंच की है। यह मंच खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। भौर्याल ने कहा कि सरकार ने जब से मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना चलाई जब से क्षेत्र की प्रतिभाएं आगे बढ़ रही हैं।

# जागेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका विधायक का पुतला



अल्मोड़ा। जागेश्वर विधानसभा के विकासखंड लमगड़ा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जागेश्वर विधानसभा के अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में विधायक द्वारा विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित होकर लमगड़ा चौराहे में विधायक मोहन सिंह मेहरा का पुतला फूंका। पुतला फूंककर भविष्य में नियम कानून को मद्दे नजर रखकर भविष्य में सही काम करने की सलाह दी। साथ ही न्यायालय के आदेश के लिए संबंधित न्यायाधीशों को धन्यवाद दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार संविधान व कानून की धज्जियां उड़ाकर काम करने का प्रयास कर रही है। इस देश में संविधान का सम्मान करते हुए न्यायालय ने बेहद सही बात कही है। उन्होंने न्यायलय से भविष्य में भी इसी प्रकार निर्णय करते हुए आम जनमानस के हितों की रक्षा करने का निवेदन भी किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जिला महामंत्री दीवान सतवाल, नवीन कुमार धूरासंग्रौली आदि शामिल रहे।

# साइकिल रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश




बागेश्वर। बागेश्वर टाइगर्स के तत्वावधान में नगर पालिका परिसर से साइकिल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली नगर के विभन्न मार्ग से होती हुई नुमाईशखेत पहुंची। लोगों से घरों का कूड़ा कूड़ेदान में डालने जैविक व अजैविक कूड़े को अलग–अलग करने की अपील की। साथ ही पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की भी अपील की गई।

## खतरा बने स्कूल भवन को ध्वस्त करने की मांग

चम्पावत। बाराकोट ब्लॉक के जीआईसी डोबाभागू का जर्जर भवन खतरे का सबब बना है। क्षेत्र के अभिभावकों और जन प्रतिनिधियों ने डीएम को ज्ञापन देकर जर्जर भवन को ध्वस्त करने की मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य सपना जोशी और प्रधान हेमा तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों डीएम नवनीत पांडेय को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि करीब 29 साल पहले जीआईसी डोबाभागू के मुख्य भवन का निर्माण किया गया था।

वर्तमान में यह भवन जर्जर हाल में है। भवन की छत जीर्ण–शीर्ण हो गई है। कहा कि बारिश में छत लगातार टपकती रहती है। अभिभावकों ने कहा कि पिछले दो वर्षो से छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए भवन बंद किया गया है।

# सर्वे के बावजूद रेल मार्ग निर्माण शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई




बागेश्वर। टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति ने सर्वे के बावजूद मार्ग निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई है। नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार ने जल्द शिलान्यास करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन का बिगुल एक फिर से फूंक दिया जाएगा। सामिति से जुड़े लोग रविवार को तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गत वर्ष विधानसभा चुनाव से पहले हल्द्वानी में हुई चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने जल्द रेल मार्ग निर्माण करने की घोषणा की। इसके बाद 29करोड़ की राशि से सर्वे कार्य करवाया, लेकिन सर्वे के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वक्ताओं ने कहा कि उनके पड़ोसी देश चीन ने ल्यासा तक रेल लाइन बिछा दी है। हमारा देश विकास कार्य में लगातार पिछड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार ने जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। रेल आने के बाद से ही पहाड़ों का विकास होगा। इतना ही नहीं इससे पलायन भी रुकेगा।

# हेल्थ वैलनेस उप केंद्रों पर आयुष्मान मेले का आयोजन




बागेश्वर। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व वैलनेस उप केंद्रों में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरा संचारी व गैर संचारी रोगों की जांच हुई और दवा वितरण किया गया। साथ ही आयुष्मान व आभा कार्ड भी बनाए गए।स्वास्थ्य मेलो में टीबी, मलेरिया, कुष्ठ इत्यादि रोगो की भी जांच एवं परामर्श दिया गया। 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में में 1200 लोगों का पंजीकरण एवं 2500 लोगो को स्वास्थ्य योजनाओ की जानकारी दी गई। मेले का आयोजन दो अक्टूबर तक रहेगा। सोमवरा को सामुदायिक स्वास्थ्य बैजनाथ एवं कांडा में 26 को कपकोट में तथा एक अक्टूबर को सीएचसी कांडा व कपकोट में मेला लगेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी जोशी ने बताया कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड धारकों को प्रति वर्ष पांच लाख तक निशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है।

## नशे में शांति भंग करने पर तीन पकड़े

पिथौरागढ़। पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने पर एक को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पंत के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक मदन सिंह बिष्ट ने वाहन चालक अक्षय मेहता ऐंचोली को शराब के नशे में वाहन चलाने पर गिरफ्तार किया। वाहन सीज किया गया है।

अपर उपनिरीक्षक देवराम चन्देल और हाइवे पेट्रोल यूनिट–1 ने महेन्द्र धामी बिण को शराब के नशे में लोगों को गाली–गलौज करने व हुड़दंग कर शांति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार किया गया।

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने भाजपा सांसद बिधूड़ी के खिलाफ किया प्रदर्शन

हल्द्वानी। भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने संसद में मुस्लिम सांसद के खिलाफ अपमानजनक और धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली भाषा इस्तेमाल करने के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद को संसद से बर्खास्त कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने रविवार को कार रोड चौराहे पर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस जनता के बीच धार्मिक उन्माद भड़काने के लिए अल्पसंख्यकों के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल करती है, सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में उसी की खुली अभिव्यक्ति की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इसके लिए स्पीकर को बिधूड़ी की संसद सदस्यता रद्द कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराना चाहिए था। भाजपा संगठन ने भी नफरत भरे भाषण का संज्ञान लेकर सांसद बिधूड़ी के विरुद्ध कोई कार्रवाई अब तक नहीं की है। इससे भाजपा नेतृत्व की अल्पसंख्यकों के प्रति सोच उजागर होती है। इसी घृणा की नुमाइश आरएसएस के अनुषांगिक संगठन जगह–जगह करते हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि घृणा की राजनीति पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। इस दौरान विमला रौथाण, कमल जोशी, धीरज कुमार, स्वरूप सिंह दानू, प्रभात पाल, हरीश भंडारी, निर्मला शाही, आंनद दानू, प्रमोद कुमार, त्रिलोक सिंह दानू आदि मौजूद रहे।

# पुराणी पेंशन बहाली को कार्मिकों की बैठक में शंखनाद रैली की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा




अल्मोड़ा। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आन्दोलन की जिला कार्यकारिणी की बैठक यहाँ रैमजे इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुई। बैठक में 01 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विधायकों एवं सांसदों को एक दिन के लिए चुने जाने पर भी पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाता है लेकिन, कार्मिकों को 30–35 वर्ष की सरकारी सेवा के बाद भी पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की लड़ाई अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है इसलिए अब सभी कार्मिकों को एकजुट होकर इस आन्दोलन में अपनी भागीदारी देनी होगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष गणेश भण्डारी ने बताया कि जिले से 1500 से अधिक कार्मिक दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में प्रतिभाग करेंगे। बैठक में एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का कुमाऊँ मण्डल अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पुष्कर सिंह भैसोड़ा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन भूपाल सिंह चिलवाल ने किया। बैठक में आईटीआई अनुदेशक कुलदीप रावत के निधन पर शोक भी व्यक्त किया गया। बैठक को प्रान्तीय कोर कमेटी सदस्य धीरेन्द्र पाठक, जगदीश भण्डारी, मनोज कुमार जोशी, पुष्कर सिंह भैसोड़ा, महताब अंसारी, विवेकानंद दुर्गापाल, संजय जोशी, युगल मठपाल, नितेश कांडपाल, संजय बिष्ट, राजू लटवाल, आदि ने सम्बोधित किया।

## नवजात बच्ची की मौत मामले में स्टाफ नर्स के बयान दर्ज

हल्द्वानी। 15 सितंबर की सुबह एसटीएच में रेफर होकर आई नवजात बच्ची की मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी। मामले की जांच के लिए बनाई गई कमेटी ने शनिवार को स्टाफ नर्स के बयान दर्ज किए। चार दिन बाद कमेटी अपना निर्णय सुनाने वाली है। नैनीताल के रातीघाट स्थित गांव हरतपा निवासी कमल सिंह रौतेला की पत्नी कल्पना ने 14 सितंबर की सुबह गरमपानी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची को जन्म दिया था। कल्पना की हालत बिगड़ने पर उसे एसटीएच रेफर किया गया था। परिजनों के मुताबिक 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे तक कल्पना को बेड मिल पाया था। वहीं बच्ची को भी रातभर मां से दूर रखा गया।

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने भाजपा सांसद बिधूड़ी के खिलाफ किया प्रदर्शन




हल्द्वानी। भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने संसद में मुस्लिम सांसद के खिलाफ अपमानजनक और धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली भाषा इस्तेमाल करने के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद को संसद से बर्खास्त कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने रविवार को कार रोड चौराहे पर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला दहन किया। जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस जनता के बीच धार्मिक उन्माद भड़काने के लिए अल्पसंख्यकों के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल करती है, सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में उसी की खुली अभिव्यक्ति की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इसके लिए स्पीकर को बिधूड़ी की संसद सदस्यता रद्द कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराना चाहिए था। भाजपा संगठन ने भी नफरत भरे भाषण का संज्ञान लेकर सांसद बिधूड़ी के विरुद्ध कोई कार्रवाई अब तक नहीं की है। इससे भाजपा नेतृत्व की अल्पसंख्यकों के प्रति सोच उजागर होती है। इसी घृणा की नुमाइश आरएसएस के अनुषांगिक संगठन जगह–जगह करते हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि घृणा की राजनीति पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।




# धूमधाम से मनाया एनएसएस दिवस

पिथौरागढ़। जीजीआईसी पिथौरागढ़ में एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया। रविवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कमला आर्या ने युवतियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम,स्वच्छता अभियान चलाकर पुरस्कार का वितरण किया गया। इस दौरान हंसा धामी, कमलेश बिष्ट, शहजादी गौसिया, सीमा मौजूद रहे।

## पिथौरागढ़– घाट एनएच में खतरा बने बोल्डर को हटाने को चला अभियान

पिथौरागढ़। प्रधानमंत्री को जिले के सामाजिक संगठनों ने 11 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर प्राथमिकता से सीमांत की समस्याओं के समाधान की मांग की है। उत्तराखंड पारंपरिक उत्थान समिति के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि पौराणिक दृष्टि से सरयू व रामगंगा नदियों के संगम पर रामेश्वर घाट का अपना विशेष महत्व रहा है। यह पिथौरागढ़, चम्पावत व अल्मोड़ा की विधासभाओं की सीमा से घिरे होने के साथ ही पूर्वोत्तर कुमाऊं का सबसे बड़ा घाट भी है। यदि इस स्थान का विकास हो तो यह स्थानीय उत्पादों व मवेशियों का केंद्र बनकर कम से कम दस हजार परिवारों को रोजगार दे सकता है। इसके अलावा चंडाक व थलकेदार क्षेत्र में रोपवे, रेल लाइन के माध्यम से पिथौरागढ़–टनकपुर को जोडने से पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा।

# लक्ष्मी आश्रम के बच्चों ने जाना विज्ञान के चमत्कार को



बागेश्वर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में स्थापित विज्ञान खोजशाला के तत्वावधान में बाल विज्ञान खोजशाला बेरीनाग के सहयोग से लक्ष्मी आश्राम कौसानी में बच्चों के साथ 'बापू एवं विज्ञान' कार्यशाला का आयोजन किया गया। आश्रम में रह रहे बच्चों ने विज्ञान के चमत्कार को जाना। खुद विज्ञान करके सीखा। 'आकाश दर्शन' कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमे आम जन सहित लगभग 90 अध्यापकों एवं बच्चों ने प्रतिभाग किया और चंद्रमा, शनि ग्रह एवं वेगा स्टार का टेलिस्कोप से दर्शन किया। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज कौसानी में बच्चों के साथ 'अलाइंस फ़ॉर साइंस' दिन भर कार्यशाला करने के के बाद लक्ष्मी आश्रम कौसानी की छात्राओं के साथ कार्यशाला लगाई। लक्ष्मी आश्रम में बच्चों ने गांधी के विज्ञान–विकास संबंधी विचार एवं वर्तमान परिदृश्य पर आशुतोष उपाध्याय एवं डॉ. राजीव जोशी द्वारा व्याख्यान दिया। बच्चों से विमर्श किया। केपी चंदोला, डॉ दयासागर ने पर्यावरण संरक्षण पर बात करते हुए बच्चों को अखबार के मजबूत थैले बनाने का प्रशिक्षण दिया। खोजशाला बेरीनाग के विनोद उप्रेती, श्रीनगर से आमंत्रित आशीष कांडपाल ने बापू को याद करते हुए उन्हें कार्डबोर्ड पर उकेरने का प्रशिक्षण बच्चों को दिया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, आषुतोष उपाध्याय, सह समन्वयक कैलाश प्रकाश चंदोला, आशीष कांडपाल, विनोद उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# देवेंद्र सिंह रावत बने वीपीडीओ संगठन के जिलाध्यक्ष



चमोली। रविवार को आयोजित उत्तराखंड ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (वीपीडीओ) एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही वर्तमान में चल रहे पुरानी पेंशन योजना के आंदोलन को पूरा समर्थन दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन की मांग को लेकर देहरादून और दिल्ली में होने वाली रैलियों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया जाएगा।

इस दौरान जिला कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया। जिसमें देवेंद्र सिंह रावत को निर्विरोध जिलाध्यक्ष और विपिन सेमवाल को चौथी बार संगठन का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। विकासखंड सभागार में आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने लंबित पड़ी ग्रेड पे की समस्या को सुलझाने की मांग की। साथ ही विभागीय ढांचे पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी संजय कुमार के पर्यवेक्षण में जिला कार्यकारिणी के चुनाव कराए गए। जिसमें गौरव कुंवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनीषा को उपाध्यक्ष, सुनील पुरोहित को कोषाध्यक्ष, कुलदीप सजवाण और गौरव परमार को प्रांतीय प्रतिनिधि, शैलेंद्र नेगी और कविता राणा को संगठन मंत्री, अनुज तिवारी को संयुक्त सचिव, विनोद रतूड़ी और सरिता नेगी को जिला प्रवक्ता, सुनील कंडेरी और प्रकाश खत्री को संप्रेक्षक, मो. सलीम और मुकेश कुमार को प्रचार मंत्री के साथ ही उद्धव प्रसाद देवली को संरक्षक बनाया गया। बैठक में जिले भर के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी शामिल हुए।

## डेंगू रोकथाम के लिए प्रत्येक स्तर पर टीमें गठित

चमोली। जिले मे डेंगू की रोकथाम को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्र ने सभी संबंधित अधिकारियों की वर्चुअल माध्यम से बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया किया कि डेंगू रिडक्शन के लिए जिले में प्रत्येक स्तर पर टीम गठित करते हुए घर–घर सर्वे किया जाए। सर्वे टीम में आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ब्लाक एवं नगर निकायों के अधिकारियों भी शामिल करें। लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करते हुए पानी एकत्रित होने वाले स्थानों सफाई कराई जाए। ताकि डेंगू के लार्वा को सोर्स पर ही समाप्त किया जा सके। जिन लोगों के घरों के आसपास डेंगू का लार्वा या इसके पनपने की संभावनाएं पाया जाती है, उनका चालान भी किया जाए। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वे डेंगू के प्रति सजग रहे और अपने आसपास पानी एकत्रित न होने दे।

# वैदिक सम्मेलन के शुभारंभ पर निकाली भव्य शोभायात्रा

नई टिहरी। वेदों के ज्ञान व पारायण के लिए नई टिहरी में पहली बार आयोजित हो रहे क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन का धूमधाम से शुभारंभ हुआ। वैदिक सम्मेलन के आगाज पर बौराड़ी से लेकर नई टिहरी तक नगर के प्रमुख लोगों सहित महिला, बच्चों व संतों ने शामिल होकर भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें सनातन धर्म की जय हो के नारों से पूरा नई टिहरी नगर गुंजायमान हुआ। आज रविवार से 27 सितंबर तक सनातन धर्म शक्ति पीठ श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन को लेकर सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र प्रसाद चमोली व अध्यक्ष सुषमा उनियाल ने कहा कि वेदों के पारायण को लेकर यह सम्मेलन वृहत स्तर पर पहली बार नई टिहरी में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 25 सितंबर को मुख्य अतिथि हरिद्वार सांसद व पूर्व सीएम डा रमेश पोखरियाल निशंक, 26 सितंबर को बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय और 27 सितंबर को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डुड़ी शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर सुषमा उनियाल ने आगे बताया कि क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन का मकसद सनातन धर्म को आगे बढ़ाते हुए वेदों की जानकारी आम लोगों को देना है। इसके लिए सम्मेलन में देश–विदेश के वेद विशेषज्ञ शामिल होंगे। वेदपाठियों की भारी संख्या में भी मौजूद रहेगी। जिनकी मदद से चारों वेदों का पारायण करवाया जायेगा। यह सम्मेलन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन एवं सनातन धर्म शक्ति पीठ श्री दुर्गा मंदिर समिति के तत्वाधान में इसका भव्य आयोजन होगा। जिसमें चारों वेदों का पारायण होगा। इस दौरान संतों के रूप में महंत स्वामी शिवानंद गिरी, मुनि अभय चेतन महाराज, ब्रह्मचारी आशीष वशिष्ठ स्वरूप, ब्रह्मचारी केशव स्वरूप और स्वामी अच्युतानंद मौजूद रहेंगे। शोभायात्रा के दौरान टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, सम्मेलन के सचिव डा उम्मेद सिंह नेगी, सह संयोजक सुशील कोटनाला, डा ओम प्रकाश भट्ट, एलपी सेमवाल, त्रिलोक चंद रमोला, दाता राम भट्ट, रवि सेमवाल, सभासद विजय कठैत, पूर्व प्रमुख जगदंबा प्रसाद रतूड़ी, कुलदीप पंवार, देवेंद्र नौडियाल, सतीश थपलियाल, मनोहर लाल कुड़ियाल, बीडी कुनियाल, गंगा भगत सहित तमाम वेदपाठी व साधूसंत आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया

चमोली। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग नागनाथ रेंज की ओर से बसुकेदार में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने का महिलाओं और ग्रामीणों ने विरोध किया। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग नागनाथ रेंज के कर्मचारी वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर नेगी के नेतृत्व में बसुकेदार शिवालय के आसपास वन भूमि किये गये अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंचे तथा वन कर्मियों द्वारा प्रतिक्षालय, शौचालय, संत निवास तथा भोजनालय सहित अन्य अवैध अतिक्रमण को तोड़ने की कार्यवाही प्रारंभ की। टीम ने जब तक आधा अतिक्रमण तोड़ा तब तक बड़ी संख्या में गडोना सरमोला, खाल, कुजासू ,विनगढ के गांवों की महिलाएं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर विरोध शुरू कर दिया। लोगों ने वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । हर्षवर्धन चौहान, मनवर चौहान, प्रेम बल्लभ बेजवाल, विनोद खाली, जयंती देवी, आशा देवी, कमला देवी, भुवनेश्वरी देवी, आनंदी देवी सहित तमाम ग्रामीणों का कहना है कि बसुकेदार शिवालय का मंदिर इतने क्षेत्रीय ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। लोग यहां बड़ी आस्था के साथ पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। सावन में जलाभिषेक , बेलपत्र चढ़ाने और पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्र के और बाहर से भक्त यहां पहुंचते हैं। उनके रहने ,ठहरने ,खाना पकाने के लिए ग्रामीणों और भक्तों ने यहां बसुकेदार शिवालय मंदिर के आसपास प्रतीक्षालय, शौचालय, भोजनालय ,संत निवास बना रखे हैं। अब वन विभाग देवालयों के आस पास बने इन निर्माणों को अतिक्रमण के नाम पर तोड़ने का कार्य कर रहा है जो उचित नहीं है। ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही रोक दी। अतिक्रमण हटाने गयी टीम में वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर नेगी, उप वन क्षेत्राधिकारी केशव लाल, वन दरोगा आनन्द सिंह रावत, मकर सिंह राणा,सचिन सिरोली, अमित मैठाणी,कु पूजा रावत सहित तमाम वन कर्मी मौजूद थे ।

## कर्णप्रयाग में रोजगार कौशल का प्रशिक्षण संपन्न

चमोली। शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम (नांदी फाउंडेशन) की ओर से आयोजित 6 दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण के समापन सत्र में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो केएल तलवाड़ ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रशिक्षकों के द्वारा व्यक्तित्व विकास, टाइम मैनेजमेंट, मनी मैनेजमेंट, समूह चर्चा, साक्षात्कार, संचार कौशल, स्वच्छता, सॉफ्ट स्किल, लाइफ स्किल, शारीरिक भाषा, ग्रूमिंग, प्रस्तुतीकरण, रिज्यूम राइटिंग, क्रिटिकल थिंकिंग इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# एसएसपी ने गुम हुए 86 मोबाइल वापस दिलाए



नई टिहरी। टिहरी पुलिस के द्वारा लगभग साढ़े चौदह लाख लागत के गुम हुए 86 मोबाइल फोन रिकवर करने के बाद एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने यह मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे।

मोबाईल मिलने पर लोगों ने एसएसपी सहित पुलिस कार्मिकों का तहे दिल से आभार जताया। जनपद टिहरी गढ़वाल के समस्त थानों के तहत कतिपय कारणों से आम जनता के खोए हुए मोबाइल फोनों के शिकायती प्रार्थना पत्रों पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर की तत्परता से सीआईयू सेल की त्वरित कार्यवाही कर 86 मोबाइल फोनों की बरामदगी की गई। इनमें फरवरी, 2023 से गुम मोबाइल शामिल रहे। बरामद किये मोबाइलों में 23 रेडमी एमआई, दो एप्पल, 16 रियलमी, 13 वीवो, एक आईक्यू, 9 वन प्लस, एक आईटेल, 9 ओपो, एक मोटोरोला, 8 सेमसंग और एक टेक्नो कंपनी का शामिल रहा। सीआईयु कार्यालय मुनिकीरेती में सभी मोबाईल स्वामियों को उनके फोन एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने सौंपे। मोबाइल मिलने पर मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर खुशी नजर आई। जिसके लिए उन्होंने एसएसपी सहित पुलिस कार्मिकों की तत्परता के लिए आभार जताया।

जबकि अन्य प्रदेशों के मोबाईल स्वामियों के फोन कोरियर से भेजे गये हैं। इस मौके पर सीओ अस्मिता ममगाई, थानाध्यक्ष रितेश शाह, साईबर सेल के देवेंद्र रावत, सीआईयू के ओमकांत भूषण, सुखपाल मान, विकास सैनी, संदीप कुमार, आशीष नेगी, नजाकर अली, रविंद्र नेगी, अजयवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

## चमियाला में विधायक ने नगर पंचायत भवन का लोकार्पण किया

नई टिहरी। चमियाला नगर पंचायत के नव निर्मित भवन का क्षेत्रीय विधायक तथा नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला ने लोकपर्ण किया। मौके पर स्थानीय लोक गायकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नगर पंचायत चमियाला का एक करोड़ की लागत से बने नव निर्मित भवन के लोकापर्ण मौके पर विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में नगर पंचायत चमियाला और घनसाली के भवनों के निर्माण हेतु शासन से करोड़ों रुपये स्वीकृत करवाये। कहा कूड़ा निस्तारण के लिये ट्रंचिंग ग्रांउड निर्माण के लिये भी धन उपलब्ध करवाया है, जिसके बाद दोनों नगर पंचायतों की कूड़ा निस्तारण की समस्या भी हल हो जाऐगी। नपं अध्यक्ष ममता पंवार ने कहा कि पांच वर्ष के कार्यकाल में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कई विकास कार्य करवाये हैं। नगर पंचायत का अपना भवन बनने से विकास कार्यों और तेजी आऐगी। कार्यक्रम में लोक गायक साहब सिंह रमोला, आकांक्षा पंवार ने गढ़वाली गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों मनमोह लिया। मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय गुनसोला, नपं अध्यक्ष घनसाली शंकरपाल सजवाण, राकेश राणा,आनंद बिष्ट, रामकुमार कठैत, सूर्य प्रकाश रतूड़ी, जसवीर नेगी, लक्ष्मीप्रसाद जोशी, उत्तम पंवार,हरीश राणा, मीरा देवी, शिवेंद्र रतूड़ी, कविता तिवाड़ी, कोशल्या देवी, पूरब सिंह, ताजवीर रावत, धनपाल नेगी, प्रशांत जोशी, डॉ. नरेन्द्र डंगवाल, प्यार सिंह बिष्ट, मीना नेगी, गीता रतूड़ी, चंद्रवीर नेगी, दिनेश लाल, तहसीलदार महेशा शाह, ईओ कुलदीप नैथानी, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में एंटी ड्रग्स सेल व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में नशा और उसके रोकथाम के उपाय विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी डा. छाया सिंह ने नशे से हमारे जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशे से दूर रहने के लिए हमें परिवार की मदद लेनी चाहिए। जब हम अपनी समस्यों को अपनों से साझा करेंगे तभी वह हमारी मदद कर पाएंगे। योग भी एक तरीका है नशे से दूर रहने । संस्कृत विभाग प्रभारी डा.विनोद कुमार ने कहा कि हमारा आत्मबल ही हमे नशे से दूर कर सकता है। अपनी संगति को हमें सही रखना होगा और नशे के लिए प्रेरित करने वाले हर प्रलोभन से हमें दूर रहना होगा तभी हम नशे से बच सकते है।इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा.रेनू रानी बंसल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एंटी ड्रग सेल नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत के द्वारा किया गया।

## किसानों की मांग के समर्थन में भाकियू (क्रांति) का अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के राष्ट्रीय प्रवक्ता तौफिक अहमद ने कहा कि 26 सितंबर को किसानों की मांगों के समर्थन में टोल प्लाजा भगवानपुर पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। उसके बाद बहादराबाद टोल प्लाजा पर धरना होगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का पांच लाख तक का ऋण माफ करे और पांच लाख तक का लोन बिना ब्याज पर उपलब्ध कराए। रविवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा राज्य सरकार हरिद्वार के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उब तक हरिद्वार जिले को आपदाग्रस्त घोषित नहीं किया गया है। किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली, 60 साल से अधिक आयु के किसान को दस हजार रुपये मासिक पेंशन की मांग को लेकर संगठन किसानों के साथ भगवानपुर में प्रदर्शन करेंगी। जिलाध्यक्ष राशिद अल्वी ने कहा कि जमीनों के सर्किल रेट को उमीद से ज्यादा बढ़ा दिया है।

# देवप्रयाग में 10 करोड़ की लागत से आईटीआई भवन बनेगा

नई टिहरी। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग नगर पालिका क्षेत्र में जल्दी ही 10 करोड़ लागत का नया आईटीआई भवन बनेगा। जिसमें युवाओं के लिये सभी आधुनिक ट्रेड का संचालन किये जाऐंगे।

मई 2021 को शांता नदी में आई आपदा में देवप्रयाग के बहुद्देशीय भवन में चल रहा आईटीआई भवन जमींदोज हो गया था।

विधायक ने बीते शनिवार को पालिका सभागार में दोबारा आईटीआई की शुरुआत की, विधायक ने फर्नीचर और कंप्यूटर के लिये पांच लाख की विधायक निधि भी दी। कहा की जल्द आईटीआई भवन बनकर तैयार हो जाऐगा। कहा कि संगम से टोड़ेश्वर के लिये बन रहे पुल का लोकार्पण,अलकनंदा और भागीरथी पुल का पुनर्निर्माण कार्य की सीएम शुरुआत करेंगे। बताया देवप्रयाग और कीर्तिनगर के लिये 14 करोड़ की पेजयल योजना स्वीकृत हो चुकी है,डिग्री कॉलेज खेल मैदान के लिये साढ़े 3 करोड़ राशि दी जा चुकी है। टिहरी रियासत कालीन सती मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाऐगा।

विधायक ने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्व. राजेश अग्रवाल के योगदान को भी याद किया। पालिकाध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल ने देवप्रयाग में पार्किंग और खाद्य गोदाम बनाये जाने की मांग रखी। विधायक ने तीर्थ पुरोहित समाज से बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान में सहयोग का आग्रह भी किया है। मौके पर आईटीआई प्रधानाचार्य शैलेन्द्र मोहन शर्मा,भाजपा नगरध्यक्ष शशि ध्यानी,पल्लवी शर्मा, भुवनेश्वर कुंवर, चंद्रशेखर पांडे, अमित बहुगुणा,नीरज ध्यानी, सभासद रूपेश गुसाईं, बलवीर राणा, महेशानंद जुयाल,वीरेंद्र सिंह, मुकेश ध्यानी, माधव मेवाडगुरु,रमेश भट्ट,विजय जोशी, नन्दन बिष्ट, नीता ध्यानी, रेखा भट्ट, सरिता कर्नाटक, अनिता कोटियाल,भूप सिंह, सुनील रावत, दिनेश बिष्ट मौजूद थे।

## अजादारों ने निकाला अंतिम मातमी जुलूस

रुड़की। हजरत इमाम हसन असकरी के शहादत दिवस पर अजादारों द्वारा अंतिम मातमी जुलूस निकाला गया। इसी तरह मोहर्रम का चांद देखने के साथ शुरूहुए मातमी कार्यक्रमों का समापन हो गया। मौलाना ने अपनी तकरीर में लोगों से आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सभी को आपसी सद्भाव बनाए रखने की जरूरत है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें। मजलिस में रिहान हैदर, इमाम अली, शमशुल हसन, नसीम हैदर, मुशीर हुसैन, मोहम्मद अली जाफरी आदि ने मर्सिया तथा सोज खानी कर खिराज ए अकीदत पेश की। उत्तर प्रदेश से आए मौलाना मिर्जा जावेद रजा ने अपने संबोधन में कहा कि मोहर्रम का चांद नजर आने के साथ कर्बला के शहीदों की याद में लगातार मजलिसों का सिलसिला जारी रहता है।

## छात्रों की शत–प्रतिशत उपस्थिति के लिए करें प्रयासः डीएम

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने जीआईसी पिपलीधार डागर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने 25 छात्र अनुपस्थित होने पर शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से समन्वय बनाने के निर्देश प्रधानाचार्य को दिए। स्मार्ट क्लास के लिए विद्यालय प्रशासन ने प्रोजेक्टर व कम्प्यूटर की मांग की। डीएम ने कालेज के निरीक्षण के दौरान भवन, शौचालय, किचन, विभिन्न कक्षाओं की स्थिति, उपस्थिति पंजिका, साफ–सफाई, पेयजल व्यवस्था, मिड डे मील आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कालेज के एक क्षतिग्रस्त भवन तथा शौचालय के ध्वस्तीकरण के लिए पटवारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जबकि बीईओ को क्षतिग्रस्त भवन के पुर्ननिर्माण व शौचालय का इस्टीमेट बनवाने के निर्देश दिए। कालेज में 195 बच्चों में से 25 बच्चों के अनुपस्थित रहने पर शत–प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देने को कहा। इस दौरान डीएम स्कूली छात्रों से भी रूबरू हुए और उनसे पढ़ाई को लेकर चर्चा की। जिस पर छात्रों ने गणित व हिंदी के टीचर न होने की बात रखी। डीएम ने गणित के स्थाई अध्यापक की व्यवस्था के निर्देश मौके पर ही दिए। विद्यालय प्रशासन को स्कूल की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। प्रभारी प्रधानाचार्य अजय कुमार धीमान ने कॉलेज की उपलब्धियों के साथ लौ वोल्टेज की समस्या से अवगत कराते हुए कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं में स्मार्ट क्लास के लिए प्रोजेक्टर एवं कम्पयूटर की मांग की।

# ब्राह्मण महाकुंभः पीएम को भेजा 11 सूत्रीय मांग पत्र





हरिद्वार। ब्राह्मण महाकुंभ में विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार–विमर्श के बाद 11 सूत्री मांगपत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा है। ब्राह्मण समाज ने पीएम से सभी राज्यों में ब्राह्मण कल्याण आयोग का संवैधानिक गठन करने समेत अन्य मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया है। महाकुंभ में मौजूद विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि पीएम उनकी मांगों पर विचार करने के बाद पूरा करेंगे। रविवार को हरिद्वार के पंतद्वीप मैदान में एक दिवसीय ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया गया। महाकुंभ में देश के विभिन्न प्रदेशों के ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेने पहुंचे। इस दौरान ब्राह्मणों के हितों को लेकर चिंतन किया गया। महाकुंभ में तहसीलदार रेखा आर्य के माध्यम से 11 सूत्रीय मांग पत्र पीएम को भेजा गया है।

मांग पत्र निम्नानुसार है–

1. समस्त भारतवर्ष के राज्यों में ब्राह्मण कल्याण आयोग का संवैधानिक गठन किया जाए। यह घोषणा तक सीमित ना रहे तुरंत इसका गठन हो तथा किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को अध्यक्ष न बनाकर ब्राह्मण समाज से ही अध्यक्ष चुना जाए।

2. भारत वर्ष की समस्त जातियों को आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाय एवं ब्राह्मण वर्ग को प्रत्येक राज्य में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का लाभ दिया जाये एंव राजनैतिक हिस्सेदारी में प्राथमिकता दी जाये।

3. वर्ष 1990 में जम्मू कश्मीर में ब्राह्मणों के हुए नरसंहार की अविलम्ब न्यायिक जांच हेतु आयोग का गठन किया जाय एंव कश्मीरी ब्राह्मणों के पुर्नस्थापन के लिये पूर्व पैतृक सम्पत्ति (कश्मीर) पर स्थापन किया जाये।

4. भारत वर्ष के कई राज्यों के मन्दिरों में गैर ब्राह्मणों को पुजारी नियुक्त किया जा रहा है इस पर तत्काल रोक लगाकर केवल ब्राह्मण पुजारी को ही नियुक्त किया जाय एंव देश के प्रत्येक राज्य में भूमिहीन एवं आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मणों को भूमि का आवंटन एवं रोजगार दिया जाय।

5. ब्राह्मण वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए शासन द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर छात्रावास की व्यवस्था की जाए जिसका नाम भगवान परशुराम छात्रावास रखा जाए और सरकारी आवेदनों में निःशुल्क की पात्रता दी जाए।

6. देश के प्रत्येक राज्य में मन्दिरों के पुजारियों/पुरोहितों को मासिक सम्मान निधि दी जाये एवं समाज में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं की शिक्षा हेतु सरकार द्वारा आर्थिक मदद की जाय।

7. आठ लाख से नीचे आय वाले निर्धन ब्राह्मणों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए।

8. भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाय। यदि ऐसा नहीं होता है तो राष्ट्रीय अवकाशों को छोडकर सभी अवकाश निरस्त किये जायें।

9. मंदिरों से हुई धर्मस्व की आमदनी की संपूर्ण राशि मंदिरों के जीर्णोद्धार, गुरुकुल, गौशाला तथा हिंदू धर्म की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संचालन हेतु शासकीय अनुदान के रूप में प्रदान की जाए।

10. एस.सी./एस.टी. कानून को समाप्त किया जाये अथवा गिरफ्तारी से पहले जॉच का प्रावधान लागू किया जाये। जिसका जॉच अधिकारी सवर्ण जाति से हो।

11. आयोध्या में बन रहे श्रीराम मन्दिर, ब्रज घाट (गढमुक्तेश्वर) उ.प्र., हरिद्वार एवं भारत के समस्त तीर्थ स्थलों में भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाये।

महाकुंभ के मुख्य संयोजक पं. विशाल शर्मा ने बताया कि हरिद्वार में गंगा के तट पर ब्राह्मणों का विशाल संगम पहली बार संपन्न हुआ। समाज के हित में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श करने के बाद पीएम को मांगपत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज कई लोगों के निशाने पर है।

सम्पादकीय


# व्यवस्थाओं पर भारी डेंगू का डंक

डेंगू को लेकर सरकार की आधी अधूरी तैयारी मरीजों पर भारी पड़ रही है। उपचार तो छोड़िए डेंगू उन्मूलन में ही नगर निगम के पसीने छूट रहे हैं और इतना स्टाफ नहीं है जो व्यापक तौर पर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में फागिंग या फिर लार्वा को नष्ट करने की कार्रवाई कर सके। स्वास्थ्य सुविधाओं का भी हाल बेहद बुरा है जिस कारण मरीजों को न केवल उपचार में बल्कि डेंगू की जांच में भी लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। मरीज की हालत बिगड़ने के बाद प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग के लिए टेडी खीर बन रहा है जिस कारण कई मरीजों की हालत न केवल खराब हुई बल्कि कुछ लोगों की जान भी चली गई। राजधानी देहरादून में तो डेंगू की स्थिति पूरी थी बीमारी ने अब दूसरे मैदानी क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। यह काफी हास्यास पद स्थित है कि डेंगू का समय जानकारी में होने के बावजूद नगर निगम या फिर स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहले से ही होमवर्क नहीं किया जाता और जब तक यह दोनों विभाग अपनी व्यवस्थाएं पटरी पर लाने की कोशिश करते हैं तब तक हालात बिगड़ जाते हैं। डेंगू को समाप्त करने के लिए अब तक जो प्रयास किए गए हैं वह कसौटियों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरे हैं। हालांकि सरकारी आंकड़ों एवं हकीकत में बड़ा अंतर होने की भी बड़ी संभावना है। साफ है कि समय से पूर्व डेंगू को लेकर नगर निगम ने प्रयास नहीं किया और अब जब स्थिति काबू से बाहर हो गई है।अब जैसे तैसे फॉगिंग का काम किया जा रहा है। हालांकि इस अभियान पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि निगम का यह कार्य सिवाय धुएं के और कुछ नहीं है। डेंगू के बढ़ रहे मामले देखकर तो यही लगता है कि निगम के प्रयास वाकई नाकाफी है तो वही स्वास्थ्य विभाग भी डेंगू के उपचार में कहीं ना कहीं हांफता हुआ नजर आ रहा है। स्थितियां हाथ से निकलती हुई प्रतीत हो रही है तो अब सरकार ने डेंगू की रोकथाम के लिए नया प्लान तैयार किया है जिसमें कोविड की तर्ज पर डेंगू पर काबू पाने के लिए रणनीति पर कार्य किया जाएगा। जिला प्रशासन में स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के माध्यम से डेंगू उन्मूलन की कुछ योजनाएं शुरू की लेकिन यह ज्यादा असरदार साबित नहीं हो रही है। इसके तहत एक ही जगह से डेंगू के 10 से अधिक मरीज मिलने पर माइक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किए जाएंगे व इन स्थानों पर प्रत्येक घर में लार्वा नष्ट करने के लिए सफाई अभियान के साथ फॉगिंग की जाएगी। प्रत्येक कंटेनमेंट जोन में निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नामित होंगे। डेंगू के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए निगम के 100 वार्डों में डेंगू पर रोकथाम लगाने एवं लारवा नष्ट करने के लिए कार्य होगा जिसे युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा। किसी मोहल्ले में डेंगू के 10 से अधिक मरीज मिलने पर उस क्षेत्र को माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाकर नोडल अधिकारी तैनात होंगे। जिला प्रशासन अपने हिसाब से चलता है जबकि बीमारियां किसी का इंतजार नहीं करती, नागरिकों की नियति बन चुकी है कि वह न केवल बीमारी का तन से जलता है बल्कि लचर सरकारी व्यवस्थाओं का भी शिकार बनती है। यदि हर मौसम की संभावित बीमारी से पूर्व ही स्वास्थ्य महकमा एवं दूसरे संबंधित विभाग अपनी तैयारी चाक चौबंद रखें तो शायद ऐसी स्थिति ना हो जो वर्तमान दौर में उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में डेंगू को लेकर दिखाई दे रही हैं।

# चीन पश्चिम को उकसा रहा !

**हरिशंकर व्यास**

जिस तरह से कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर भारत में राजनीति हो रही है तो उसमें एक बड़ा तबका ऐसा है, जो इसे एक राजनीतिक अवसर के रूप में देख रहा है उसी तरह भारत के दो पड़ोसी चीन और पाकिस्तान भी इसमें अवसर देख रहे हैं। भारत में इसे चुनावी मुद्दे की तरह देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल के लोकसभा चुनाव में इसका फायदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलेगा तो दूसरी ओर चीन और पाकिस्तान इसे कूटनीतिक मुद्दे के तौर पर देख रहे हैं और इस बहाने भारत को विश्व बिरादरी में अलग–थलग करने का मौका मान रहे हैं। इस मामले में दोनों देशों की प्रतिक्रिया एक जैसी है। दोनों ने पश्चिमी देशों को उकसाने वाले बयान दिए हैं और भारत को एक दुष्ट देश के रूप में पेश करने का प्रयास किया है।



चीन ने हालांकि इस मामले में आधिकारिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन वहां की सरकारी मीडिया ने इस मामले में अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों को निशाना बनाया है। चीन की सरकार का विचारों का प्रचार करने वाले राष्ट्रवादी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' ने अमेरिका को निशाना बनाते हुए कहा कि वह भारत को लोकतंत्र और आजादी के मूल्यों का पैरोकार मानता है और अपना सहयोगी बनाए हुए है और इस वजह से मानवाधिकारों के मामले में भारत के इतिहास की अनदेखी करता रहता है। अखबार ने इसे अमेरिका का पाखंड करार दिया है। 'ग्लोबल टाइम्स' ने यह भी कहा है कि चीन पर दबाव डालने के लिए अमेरिका भारत के साथ सहयोग स्थापित करता है। इस मामले में सबसे तीखी टिप्पणी 'ग्लोबल टाइम्स' के संपादक हु शिजिन ने की, जिन्होंने निज्जर की हत्या का हवाला देते हुए ट्विटर पर लिखा– हत्या की घटना संभव है कि अमेरिका के लिए परेशानी का कारण बन जाए। इसके आगे सवालिया लहजे में उन्होंने लिखा– क्या उसे अपने छोटे भाई कनाडा का समर्थन करना चाहिए या भारत का, जो चीन को काउंटर करने के लिए उसका प्यादा है? यह बयान अमेरिका को उकसाने वाला तो है ही साथ ही भारत के लिए बेहद अपमानजनक है। इससे यह दिख रहा है कि चीन भारत और अमेरिका के संबंधों को किस नजर से देखता है। चीन के कुछ अन्य मीडिया संस्थानों ने भी कनाडा की घटना को अमेरिका और ब्रिटेन के लिए मुश्किल वाला बताया है और कहा है कि उनको इस बारे में फैसला करना होगा।और यह भी नोट करें कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा हम कनाडा के साथ है और अमेरिका, भारत को कोई 'विशेष छूट' नहीं देगा।देश की परवाह किए बिना हम साथ खड़े होंगे और अपने बुनियादी सिद्धांतों की रक्षा करेंगे। हम कनाडा जैसे सहयोगियों के साथ भी नज़दीक से काम करेंगे, क्योंकि इस मामले में जांच और राजनयिक प्रक्रिया को कनाडा आगे बढ़ा रहा है।मैं इस बात को मज़बूती से ख़ारिज करता हूं कि अमेरिका और कनाडा के बीच कोई मतभेद है। जो आरोप कनाडा ने लगाए हैं, उसे लेकर हमें चिंता है और हम चाहेंगे कि इस जांच को आगे बढ़ाया जाए और अपराधियों को ज़िम्मेदार ठहराया जाए।"

पाकिस्तान

चीन की ही तरह पाकिस्तान ने भी बिल्कुल उसी की लाइन पर बयान दिया है। पाकिस्तान ने कनाडा में हुई निज्जर की हत्या और उस पर भारत व कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक गतिरोध का इस्तेमाल भारत को बदनाम करने के लिए किया है। उसने इसी बहाने कश्मीर का मुद्दा उठाया है और भारत पर मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाया है। चीन की तरह पाकिस्तान ने भी अमेरिका को उकसाया है। फर्क इतना है कि चीन की ओर से उसकी मीडिया ने कमान संभाली है, जबकि पाकिस्तान की ओर से सरकार सीधे सामनेआई है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत को एक 'शरारती देश' बताते हुए कहा है कि वह 'नाटो के एक सदस्य देश की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया है'। पाकिस्तान के प्रसिद्ध अखबार 'डॉन' ने कनाडा में हुई निज्जर की हत्या के पीछे भारत और इजराइल के करीबी संबंधों को कारण बताया है। उसने लिखा है कि 'भारत जिसे आतंकवादी समझता है उस पर हमला करने का तरीका इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद की हैंडबुक से लिया है'। उर्दू अखबार 'दुनिया' ने लिखा है कि भारत की वजह से कनाडा अभी जो हालात देख रहा है, पाकिस्तान लंबे अरसे से इस ओर दुनिया का ध्यान खींचने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तानी अखबारों ने कश्मीरी, सिखों और मणिपुरी लोगों को बीच में लाकर भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड को खराब बताने की कोशिश कर रहे हैं।हो सकता है कि इस पूरे घटनाक्रम से भारत के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजनीतिक लाभ मिल जाए लेकिन यह घटनाक्रम जितना लंबा चलेगा, अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की साख उतनी खराब होगी। इसलिए जल्दी से जल्दी इसका निपटारा करना होगा। अगर जरूरत हो तो कनाडा की एजेंसियों के साथ जांच में शामिल होकर इस मामले को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए।

# चीन के गायब होते मंत्री !

**शी जिनपिंग सन् 2012 से शासन कर रहे हैं और पिछले साल उन्होंने स्वयं को पांच वर्ष के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी के महासचिव नियुक्त किया जो चीनी नेताओं द्वारा दस वर्ष के कार्यकाल के बाद सत्ता किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने की परंपरा के विपरीत था। स्वयं को लगभग अनिश्चितकाल के लिए मजबूती से स्थापित करने के बाद शी ने मार्च के महीने में ली शांगफू और चिन गांग को चुना। इससे शी जिनपिंग की सही व्यक्तियों को चुनने की क्षमता पर तो प्रश्नचिन्ह लगा ही, यह भी साबित हुआ है कि वे यह सुनिश्चित नहीं कर संके हैं कि भ्रष्टाचार करने वाले डरें। लेकिन निर्णय लेने की उनकी क्षमता पर प्रश्न उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है जबकि ली और चिन गांग की पदोन्नति का कारण ही यह था कि वे दोनों शी जिनपिंग के निकट थे।हालांकि चीनी राजनीति में रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के पद अन्य देशों जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं। वहां वास्तविक शक्ति 24 सदस्यीय पोलितब्यूरो में निहित होती है। लेकिन फिर भी इन दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण थीं झ और वह थी वैश्विक मंच पर चीन के हितों का संरक्षण करना।**

**श्रुति व्यास**

पहले विदेश मंत्री चिन गांग गायब हुए। आज तक उनका कोई अतापता नहीं है।अब चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू भी लापता है। दोनों ही मंत्री एक समय राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसंदीदा थे और उनके काफी निकट थे। इन दोनों के मंत्री पद पाने के पीछे के कारण जितने रहस्यमय थे, उनके पतन के कारण भी उतने ही रहस्यमय हैं।स्वभाविक जो मंत्रियों के इस तरह गायब होने की घटनाओं के कारण शी जिनपिंग की राजनीति और उनकी क्षमताओं के लेकर सवाल उठे हैं।

पहले चीन के रक्षामंत्री जनरल ली शांगफू पर चर्चा कर ली जाए। वे लगभग तीन हफ़्तों से नजर नहीं आए हैं। खबरों में यह दावा किया जा रहा है कि उन के खिलाफ भ्रष्टचार के आरोप में जाँच चल रही है। वे आखिरी बार 29 अगस्त को देखे गए थे जब उन्होंने चीन–अफ्रीका शांति एवं सुरक्षा मंच को संबोधित किया था। उनकी आखिरी विदेश यात्रा अगस्त माह के मध्य में हुई थी जब वे मास्को और मिन्स्क गए थे। इस यात्रा के दौरान एक सम्मेलन में उनकी मुलाकात रूसी अधिकारियों और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात हुई थी। ली शांगफू के अलावा चिन गांग की नियुक्ति भी मार्च में हुए मंत्रिमंडल के फेरबदल में हुई थी, जिसके बारे में प्रचारित किया गया था कि ऐसा बहुत बारीकी से छानबीन के बाद किया गया। लेकिन इसके कुछ ही महीनों बाद ली शांगफू, चिन गांग के बाद दूसरे ऐसे शीर्ष मंत्री बन गए हैं जो 'गायब' हो गए हैं।

शी जिनपिंग सन् 2012 से शासन कर रहे हैं और पिछले साल उन्होंने स्वयं को पांच वर्ष के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी के महासचिव नियुक्त किया जो चीनी नेताओं द्वारा दस वर्ष के कार्यकाल के बाद सत्ता किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने की परंपरा के विपरीत था। स्वयं को लगभग अनिश्चितकाल के लिए मजबूती से स्थापित करने के बाद शी ने मार्च के महीने में ली शांगफू और चिन गांग को चुना। इससे शी जिनपिंग की सही व्यक्तियों को चुनने की क्षमता पर तो प्रश्नचिन्ह लगा ही, यह भी साबित हुआ है कि वे यह सुनिश्चित नहीं कर सके हैं कि भ्रष्टाचार करने वाले डरें। लेकिन निर्णय लेने की उनकी क्षमता पर प्रश्न उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है जबकि ली और चिन गांग की पदोन्नति का कारण ही यह था कि वे दोनों शी जिनपिंग के निकट थे।हालांकि चीनी राजनीति में रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के पद अन्य देशों जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं। वहां वास्तविक शक्ति 24 सदस्यीय पोलितब्यूरो में निहित होती है। लेकिन फिर भी इन दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण थीं झ और वह थी वैश्विक मंच पर चीन के हितों का संरक्षण करना। चीन का मानना था कि चिन गांग अपने कथित क्रियाकलापों के चलते देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए थे वहीं ली पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा दिए थे जिससे उनका कैरियर बेहतर हो सकता था क्योंकि चीन यह कह सकता था कि यदि वाशिंगटन रक्षा–मंत्री स्तरीय चर्चाएं दुबारा प्रारंभ करना चाहता है ली के रक्षा मंत्री होने के कारण उन पर लगा प्रतिबंध हटाया जाना होगा। लेकिन आज ली की 'जांच' चल रही है और वे गायब हैं। इससे चीन परेशानी में फँस गया है। नैंसी पैलोसी की ताईवान यात्रा के बाद से चीन ने अमरीका से वार्ताएं बंद कर दीं थीं। अब अमेरिका उन्हें बहाल करने के लिए उत्सुक है। और चीन में यह विचार था कि वार्ताएं प्रारंभ होने के पहले ली पर लगे प्रतिबंध हटवा लिए जाएं। लेकिन अब चूंकि उन्हें पद से ही हटा दिया गया है इसलिए क्या चीनी गतिरोध को समाप्त करवा पाएंगे? और क्या चीन विदेश मंत्रालय की तरह रक्षा मंत्रालय में भी एक नए मंत्री की नियुक्ति करेगा?

चीन में अर्थव्यवस्था और विश्व में उसकी स्थिति की तरह राजनीतिक हालात भी डांवाडोल हैं लेकिन शी जिनपिंग को यह कौन बता सकता है कि अगर उनका यही रवैया बना रहा और जल्दी ही वे अकेले रह जाएंगे।

# आरक्षण के फॉर्मूले से फायदा या नुकसान ?

लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिला आरक्षण का जो फॉर्मूला बनाया गया है उससे फायदा होगा या नुकसान? फायदे और नुकसान का सवाल महिलाओं के लिए भी है और उनके चुनाव क्षेत्र के लिए भी है। ध्यान रहे महिला आरक्षण की व्यवस्था रोटेशन के आधार पर होगी। यानी एक बार जो क्षेत्र महिला के लिए आरक्षित होगा वह दूसरी बार नहीं होगा। सोचें, ऐसे में कौन सांसद उस क्षेत्र के विकास पर ध्यान देगा? अगर सांसद को पता है कि अगली बार उसको इस सीट से नहीं लडऩा है तो वह चुनाव जीतने के बाद दूसरी सीट की तलाश में लग जाएगा और अपने क्षेत्र की अनदेखी करेगा। सांसद चाहे महिला हो या पुरुष क्षेत्र को लेकर उसका व्यवहार ऐसा ही होगा।

महिलाओं को भी इससे बहुत ज्यादा फायदा नहीं होगा। हां, यह जरूर होगा कि उनको आरक्षण की वजह से 33 फीसदी सीटें मिल जाएंगी, जो संख्या के लिहाज से बहुत ज्यादा हैं। लेकिन इससे महिला नेता बनने और देश, समाज का नेतृत्व करने की क्षमता में बढ़ोतरी की संभावना कम हो जाएगी। इसके बाद उनकी संख्या में बढ़ोतरी की गुंजाइश भी बहुत कम हो जाएगी, जैसा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में होता है। इन समुदायों के नेता एससी और एसटी के लिए आरक्षित सीटों पर ही चुनाव लड़ते हैं। अपवाद के तौर पर सुशील शिंदे जैसे एकाध नाम ध्यान आते हैं, जो सामान्य सीट से लड़ते थे। अन्यथा बाबू जगजीवन राम से लेकर रामविलास पासवान तक सारे दलित नेता आरक्षित सीट से ही लड़ते हैं। इसलिए उनकी संख्या आरक्षित सीटों से ज्यादा नहीं हो पाती है। महिलाओं के साथ भी यही होगा। लेकिन अगर आरक्षण की बजाय पार्टियां अपनी मर्जी से 33 फीसदी महिलाओं को टिकट दें तो लोकसभा और विधानसभाओं में उनकी संख्या 33 फीसदी से ज्यादा हो सकती है।

# इन बीमारियो के मरीज भूल से भी न खाएं केला, वरना जिंदगी खतरे मे पड़ जाएगी



केला में भरपूर मात्रा में आयरन और कैल्शियम होता है. लोग इसे व्रत से लेकर ब्रेकफास्ट में खाना पसंद करते हैं. लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि फल तो आप कभी भी खा सकते हैं. और यह फायदेमंद ही होगा. ज्यादा केला खाने से पेट बंध जाता है.इसलिए केला को सोच समझकर ही खाना चाहिए. क्योंकि यह आपके पेट का पानी सोख लेता है. और मेटाबोलिक रेट स्लो कर देता है. जिसकी वजह से कब्ज की शिकायत हो सकती है. कई बार केला खाना नुकसानदायक भी हो सकता है. ऐसे में सवाल यह उठता है कि किन लोगों को केला नहीं खाना चाहिए?

**कौन सी बीमारी में केला नहीं खाना चाहिए**

**हाई ब्लड शुगर में**

डायबिटीज के मरीज को केला खाना नुकसान पहुंचा सकता है.साथ ही साथ यह आपके शुगर के लेवल को बढ़ा सकता है. केला खाने से तेजी से शुगर स्पाइक हो सकती है. और डायबिटीज की समस्या हो सकती है. इसलिए डायबिटीज के मरीज को केला खाने से बचना चाहिए.

**अस्थमा और ब्रोंकाइटिस में** केला खाने से अस्थमा और ब्रोकाइटिस की दिक्कत हो सकती है. केला आपकी एलर्जी को और ज्यादा बढ़ा सकता है. और इससे रिकवरी करने में काफी वक्त लगेगा. इसलिए अगर अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की बीमारी से जूझ रहे हैं तो कोशिश करें की केला न खाएं.

**खांसी होने पर** खांसी में केला खाने से दिक्कत और बढ़ सकती है. केला बलगम को बढ़ाता है जिसकी वजह से कंजेशन की दिक्कत होती है. साथ ही साथ एलर्जी और सांस लेने की दिक्कत भी पैदा होती है. खांसी की समस्या वाले भूल से भी केला न खाएं. क्योंकि कुछ लोगों को शाम के वक्त केला खाने से खांसी बढ़ जाता है. **माइग्रेन में** केला हिस्टामाइन रिलीज करता है. कुछ ऐसे कंपाउंड्स को बढ़ाता है तो आपकी माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकता है. साथ ही केले में अमीनो एसिड टाइरोसिन होता है जो बॉडी में पहुंचकर टायरामाइन में बदल जाता है. ऐसे में माइग्रेन ट्रिगर हो जाता है.

# नींबू का इस्तेमाल करने का यह है सही तरीका, इन खाने वाली चीजों के साथ कॉम्बिनेशन करने से बचें

आम बोलचाल की भाषा में एक कहावत बेहद मशहूर है प्रतिदिन एक सेब डॉक्टर से दूर रखता है. हालांकि, नींबू के लिए भी क्या यही कहा जा सकता है? नींबू जोकि विटामिन सी से भरपूर है और अगर इसे रोजाना खाया जाए तो आपकी इम्युनिटी मजबूत हो जाएगी. एक रिसर्च के मुताबिक कुछ ऐसे लोगों पर रिसर्च किया गया जो रोजाना नींबू खाते थे. इस रिसर्च में सबसे हैरान करने वाली बात यह सामने आई कि उनकी औसत लाइफ उन लोगों की की तुलना में लगभग 3 सप्ताह अधिक थी जो बिल्कुल भी नींबू नहीं खाते थे. नींबू एक खट्टा फल है. किसी भी खाने वाली चीज में स्वाद बढ़ाने के लिए नींबू का इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कुछ चीजों के साथ नींबू का कॉम्बिनेशन करने से बचना चाहिए नहीं तो यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है.

**दूध या डेयरी प्रोडक्ट के साथ नींबू खाने से बचें**

जब भी हम घर पर पनीर बनाते हैं तो हम अक्सर खौलते हुए दूध में नींबू का रस निचोड़ते हैं और फिर इसी प्रोसेस से पनीर निकालते हैं. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नींबू में मौजूद एसिड डेयरी में प्रोटीन के लेवल में गड़बड़ी मचा सकती है. जिसके कारण यह गांठ बन जाती है . इसके अलावा, डेयरी प्रोडक्ट और नींबू खाने से शरीर में अम्लीय प्रतिक्रिया हो सकती है और गंभीर सीने में जलन और एसिडिटी हो सकती है. तो आप क्या कर सकते हैं, जब आप अपने डेयरी–आधारित डेसर्ट या सॉस में खट्टा स्वाद जोडऩा चाहते हैं तो नींबू के छिलके या नींबू के स्वाद वाले सिरप का इस्तेमाल करें.

**रेड वाइन**

नींबू का इस्तेमाल कई कॉकटेल और बियर के साथ किया जाता है. हालांकि, नींबू और रेड वाइन कभी भी साथ में नहीं पीना चाहिए. नींबू की अम्लता रेड वाइन में मौजूद टैनिन को प्रभावित कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप वाइन का स्वाद कड़वा हो जाता है. इसीलिए, रेड वाइन से बने सॉस या मैरिनेड में नींबू का इस्तेमाल न करें. यदि आप अपने खाने के साथ वाइन का आनंद लेना चाहते हैं, तो व्हाइट वाइन पिएं.

मसालेदार खाने के साथ नींबू का इस्तेमाल न करें

इंडियन किचन की जान है नींबू. नींबू का नेचर एसिडिक होता है. इसलिए अगर आप इसे मसालेदार खाने के साथ इस्तेमाल करेंगे तो यह शरीर की गर्मी बढ़ाने के साथ–साथ पाचन संबंधी दिक्कते भी पैदा कर सकती है. मसालेदार खाने में नींबू का इस्तेमाल टेस्ट को बिगाड़ सकता है.

**गर्म खाने में नींबू का इस्तेमाल न करें**

नींबू खाने का सबसे बड़ा फायदा इससे मिलने वाला विटामिन सी है. हालांकि, विटामिन सी काफी ज्यादा गर्मी के प्रति संवेदनशील है और गर्मी से आसानी से नष्ट हो सकता है. इसलिए, ऐसे खाने पर नींबू का रस डालने से बचें जो अभी भी भाप बन रहा हो. आंच पर हो. आप अपने पके हुए खाने में नींबू डालकर इस्तेमाल कर सकते हैं.

**पपीता**

नींबू का रस एक पसंदीदा सलाद ड्रेसिंग है और फलों की मिठास को खट्टा स्वाद देने के लिए अक्सर फलों के सलाद में इसका उपयोग किया जाता है. हालांकि, नींबू के साथ मिलाने पर सभी फल अच्छा काम नहीं करते हैं. पपीता एक ऐसा फल है जो संतरे, अंगूर या नींबू जैसे किसी भी खट्टे फल के साथ मिलाने पर फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है.

ऐसा इसलिए है क्योंकि पपीते में ही उच्च मात्रा में विटामिन सी होता है, जो नींबू जैसे विटामिन सी से भरपूर अन्य स्त्रोतों के साथ मिलकर एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन और पेट में जलन पैदा कर सकता है.

## पंजाब में यात्री ट्रेन और मालगाड़ी टकराई, 31 लोग घायल; 4 रेलवे अधिकारियों पर गिरी गाज

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को एक यात्री ट्रेन और मालवाहक ट्रेन की टक्कर में 31 लोग घायल हो गए। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य चल रहा है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना के बाद सुबह 7.30 बजे ट्रैक को साफ कर दिया गया। ट्रेन ड्राइवर इमरान सरवर और उनके सहायक मुहम्मद बिलाल सहित चार रेलवे अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल–एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सेना ने अल–शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया

**मोगादिशु , एजेंसी।** सोमालिया की सेना ने गाल्मुदुग प्रांत में चल रहे सैन्य अभियानों के तहत अल–शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी सोमालिया की राष्ट्रीय सेना ने शनिवार को दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बीती रात मिलिलिको, सील गंबर और बालाल धीर गांवों में चलाए गए अभियानों में अल–शबाब के तीन ठिकाने भी नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, दुश्मन के तीन ठिकानों को निशाना बनाया गया और उनके वाहनों तथा हथियारों सहित नष्ट कर दिया गया। ताजा सैन्य अभियान के संबंध में अल–शबाब की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। गौरतलब है कि सोमालिया की सेना ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैनिकों के साथ मिलकर अल–कायदा से जुड़े सशस्त्र समूह को बेअसर करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सहयोगी बलों ने 2011 में आतंकवादी समूह अल–शबाब को मोगादिशु से बाहर खदेड़ दिया।

# जी–20 में अफ्रीकी संघ को शामिल कर भारत ने मनवाया अपना लोहा, 'मन की बात' में बोले मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी–20 के सफल आयोजन से भारत के प्रति दुनिया भर में रुचि बढ़ी है और पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। पीएम मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 105 वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यटन को कुछ लोग सिर्फ सैर–सपाटे के तौर पर देखते हैं, लेकिन पर्यटन का एक बहुत बड़ा पहलू 'रोजगार' से जुड़ा है। सबसे कम निवेश में सबसे ज्यादा रोजगार, अगर कोई क्षेत्र पैदा करता है, तो वह पर्यटन क्षेत्र है। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने में किसी भी देश के लिए सद्भावना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत के प्रति आकर्षण बहुत बढ़ा है और जी–20 के सफल आयोजन के बाद दुनिया के लोगों की रुचि भारत में और बढ़ गयी है। जी –20 में एक लाख से ज्यादा प्रतिनिधि भारत आए। वे यहां की विविधता, अलग–अलग परम्पराएं, भांति–भांति का खानपान और धरोहरों से परिचित हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां आने वाले प्रतिनिधि अपने साथ जो शानदार अनुभव लेकर गए हैं, उससे पर्यटन का और विस्तार होगा। भारत में एक से बढ़कर एक विश्व धरोहर स्थल भी हैं और इनकी संख्या लगातार बढती जा रही है। कुछ ही दिन पहले शान्तिनिकेतन और कर्नाटक के पवित्र होयसड़ा मंदिरों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है। कर्नाटक के जिन होयसड़ा मंदिरों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है, उन्हें,13वीं शताब्दी के बेहतरीन वास्तु कला के लिए जाना जाता है। इन मंदिरों को मान्यता मिलना, मंदिर निर्माण की भारतीय परंपरा का भी सम्मान है। भारत में अब विश्व धरोहर स्थल की कुल संख्या 42 हो गई है। भारत का प्रयास है कि हमारे ज्यादा–से–ज्यादा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जगहों को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिले।

उन्होंने कहा, "जब भी आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएं, तो ये प्रयास करें कि भारत की विविधता के दर्शन करें। आप अलग–अलग राज्यों की संस्कृति को समझें, धरोहर स्थल को देखें। इससे आप अपने देश के गौरवशाली इतिहास से तो परिचित होंगे ही, स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने का भी आप अहम माध्यम बनेंगे।

## नाना पाटेकर ने बताया एक्टर होने का सबसे बड़ा फायदा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिग्गज स्टार नाना पाटेकर, जो आगामी फिल्म द वैक्सीन वॉर में नजर आएंगे, का कहना है कि अभिनेता होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उनके पास कैमरे की मदद से अपनी निराशा को बाहर निकालने का एक तरीका है। दिल्ली में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए नाना ने अभिनेता होने के फायदे बताए।उन्होंने कहा, एक अभिनेता होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि हमारे पास कैमरे की मदद से अपनी निराशा को बाहर निकालने का एक तरीका है। अगर मेरे पास यह माध्यम नहीं होता तो मैं पागल हो गया होता। वैसे भी मुझे पागल कहा जाता है। ये हमारे लिए बहुत बड़ा माध्यम है।नाना से साउथ की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'काला' मैंने हिंदी में की थी और फिर तमिल में डब किया था।

### डॉक्टरों का कारनामा

## इंसान के शरीर में सूअर का 'दिल' लगाकर बचाई जान

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** मेडिकल साइंस में इंसानों में किडनी, लीवर यहां तक कि हार्ट ट्रांसप्लांट होना अब आम बात हो गई है। लेकिन एक जानवर को अंग को इंसान के शरीर में लगाना जरूर ऐसा कारनामा है जो हमारी सोच से परे हैं। लेकिन अमेरिका के डॉक्टरों ने एक ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है। डॉक्टरों ने हाल ही में 58 वर्षीय एक व्यक्ति की बॉडी में सूअर का दिल ट्रांसप्लांट किया है।

डॉक्टरों ने यहां मरते हुए व्यक्ति के शरीर में सूअर का दिल लगाकर न केवल उसकी जान बचाई, बल्कि मेडिकल सेक्टर में नया माइलस्टोन सेट कर दिया। यह पहला मौका नहीं है, जब डॉक्टरों ने इंसान के शरीर में किसी जानवर का अंग प्रत्यारोपित किया है। डॉक्टर यह कारनामा एक बार पहले भी करके दिखा चुके हैं। दरअसल, इंसान में जानवर को अंग के ट्रांसप्लांट करना जेनोट्रांसप्लेंटशन कहा जाता है। मेडिकल साइंस का यह कारनामा मानव अंग डोनेशन की पुरानी कमी को पूरा कर सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में एक लाख से ज्यादा अमेरिकी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए वेटिंग लिस्ट में हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड की तरफ से बताया गया कि यह कारनामा यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड स्कूल ऑफ मेडिसिन के एक्सपर्ट्स ने किया है। यह ऑपरेशन बुधवार को किया गया। इस केस में लॉरेंस फॉसेट नाम के पेशेंट वैस्कुलर बीमारी और इनर ब्लिडिंग के कारण किसी इंसानी हार्ट के लायक नहीं थे। उनका हार्ट फेलियर हुआ था।

## 2024 तक आएगी पहली 'मेड इन इंडिया' चिप, आईएसएम के तहत माइक्रोन टेक्नोलॉजी प्लांट का काम शुरू

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** मेड इन इंडिया आईफोन से लेकर मेड इन इंडिया लैपटॉप तक, आने वाले समय में भारत सभी इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर अपनी छाप छोडने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सेमी–कंडक्टर के क्षेत्र में ग्लोबल प्लेयर बनने की ओर एक बड़ा कदम गुजरात में उठाया गया है। जहां पर माइक्रोन टेक्नोलॉजी के भूमि पूजन के साथ प्लांट का काम शुरू हो गया है और प्लांट का कंस्ट्रक्शन टाटा प्रोजेक्ट्स द्वारा किया जा रहा है।

भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने के उद्देश्य के तहत देश में माइक्रोन टेक्नोलॉजी देश में चिप उत्पादन करने वाली पहली कंपनी होगी। शनिवार को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर टेस्टिंग एंड एसेंबलिंग प्लांट का भूमि पूजन किया गया। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्लांट में काम शुरू होने के बाद पहली चिप दिसंबर 2024 तक रोल आउट होगी। कंपनी की ओर से इस बात की जानकारी भी शेयर की गई कि इस प्लांट के जरिए लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए हायरिंग भी स्टार्ट कर दी गई है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के तीन महीने बाद इस प्लांट का काम शुरू हो गया है। इस साल जून 2023 में क्करू रूशस्त्रद्व ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान माइक्रोन के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और देश में सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब महज तीन महीने बाद ही माइक्रोन अपना प्लांट शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# आगरा में बवाल: पुलिस पर भारी पड़े संत्सगी

## लाठी–डंडों के हमले से एसओ सहित कई पुलिसकर्मी घायल, बैकफुट पर पुलिस



**आगरा, एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के दयालबाग क्षेत्र में अवैध कब्जा हटाने गई पुलिस–प्रशासन की टीम पर सत्संगियों ने हमला बोल दिया। सत्संगी लाठी–डंडे लेकर पुलिस के सामने आ गए। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे। सत्संगी पुलिस टीम पर टूट पड़े। पुलिस जब तक बल प्रयोग करती तब तक सत्संगी लाठियां बरसानी शुरू कर चुके थे।

सत्संगियों के हमले में एसओ जगदीशपुरा जितेंद्र कुमार सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने भी बल प्रयोग करके सत्संगियों को पीछे खदेड़ा। पुलिस ने भगवान टॉकीज से दयालबाग जाने वाली रोड को रोक दिया। लोगों से दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहा। इससे भगवान टॉकीज पर भारी जाम लग गया। राधा स्वामी सत्संग सभा के सत्संगी पुलिस–प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। पुलिस–प्रशासन और सत्संगियों के बीच शनिवार से ही तनाव का माहौल बना हुआ है।

बताते चलें कि शनिवार को प्रशासन ने सत्संगियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे में बुलडोजर चलाकर छह गेट ध्वस्त कर दिए। दिन में प्रशासन ने कार्रवाई की और रात में फिर से पहुंचे सत्संगियों ने डीइआई इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने टेनरी वाले रास्ते पर गेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया। उन्होंने गेट पर ताला जड़ दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में सत्संगी मौजूद रहे।

इसे दबंगई कहें या हठधर्मिता। पुलिस व पीएसी हटते ही सत्संगियों ने आम रास्तों पर फिर कब्जे कर लिए। रास्ते बंद कर कानून का मखौल उड़ाया। जिन गेट को तोड़ा था, वहां फिर नए गेट लगा दिए हैं। पुलिस व प्रशासन ने सरकारी भूमि से जिन सत्संगियों को बेदखल किया। प्रशासन को चुनौती देते हुए फिर वहीं निर्माण खड़े कर दिए हैं। शूटिंग रेंज के पास जिस गेट को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त किया था।

मौके से फोर्स हटते ही सत्संगियों ने रास्ते बंद कर दिए। बंद रास्ते से निकलते समय एक ग्रामीण और छात्र सत्संगियों के कोप का शिकार हो गए। खासपुर में रास्ते से हटाए गेट की जगह सत्संगियों ने लोहे के कंटीले तारों से बैरिकेडिंग कर दी। शाम को भारी संख्या में सत्संगी ध्वस्तीकरण स्थलों पर पहुंचे। हाथों में लाठी, सिर पर हेलमेट पहने हुए सत्संगियों को देख ग्रामीण घरों में छिप गए। कानून व्यवस्था संभालने के लिए शाम को कोई पुलिस व प्रशासन का नुमाइंदा मौके पर नहीं रहा।

दयालबाग में एक तरफ प्रशासन सत्संगियों को अवैध कब्जा से बेदखल करने के लिए बुलडोजर चला रहा था, दूसरी तरफ सत्संगी गेटों को दोबारा खड़े कर रहे थे। पुलिस फोर्स की आंखों के सामने कानून का मखौल उड़ा। मौके से गिरफ्तार कर सत्संगियों को पुलिस ने रात में थाने से छोड़ दिया।

ग्रामीणों ने थाना न्यू आगरा पुलिस पर सत्संगियों से मिलीभगत के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि थाना न्यू आगरा पुलिस सत्संगियों के हाथों बिक गई है। केस दर्ज होने के बाद भी किसी सत्संगी को गिरफ्तार नहीं किया गया। प्रशासन की कार्रवाई के बाद सत्संगी लोगों से अभद्रता व मारपीट कर रहे हैं।

सत्संगियों द्वारा पुलिस पर लाठी बरसाने से एसओ सहित पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद पुलिस ने बल प्रयोग करके सत्संगियों को वहां से खदेड़ा। हालांकि सत्संगी कुछ दूर जाने के बाद फिर से वहीं रुक गए। वह ग्राउंड से बाहर नहीं गए। कहीं न कहीं सत्संगी पुलिस पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। सत्संगियों के आक्रोशित होने के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई। पुलिस ने तहसील में कागज दिखाने के लिए 24 घंटे का समय दिया है। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की टीम वापस लौट गई।

# बीआरओ के कैजुअल श्रमिकों के पार्थिव शरीर घर तक पहुंचाएगी सरकार



रक्षा मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं में दूर दराज के दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत कैजुअल श्रमिकों की मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर मूल स्थान तक पहुंचाने के खर्च को वहन करेगी। इसके अलावा सरकार ने कैजुअल श्रमिकों के अंतिम संस्कार पर होने वाले खर्च की राशि भी एक हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपए करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। अभी तक यह सुविधा सीमा सड़क संगठन के जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए ही उपलब्ध थी। परियोजनाओं में सरकारी प्रामाणिक ड्यूटी के दौरान किसी श्रमिक की मृत्यु होने की स्थिति में, जिसका अंतिम संस्कार कार्यस्थल पर ही किया जा रहा है इसके अंतिम संस्कार का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, कैजुअल वेतनभोगी श्रमिकों को सीमा सड़क संगठन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण कार्य में लगाया जाता है। वे प्रतिकूल जलवायु और कठिन कार्य– परिस्थितियों में सीमा सड़क संगठन कर्मियों के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे कभी–कभी दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। अभी तक, सरकारी खर्च पर पार्थिव शव के संरक्षण और इसे मूल स्थान तक पहुंचाने के लिए परिवहन की सुविधा केवल जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए उपलब्ध थी।

समान परिस्थितियों में काम करने वाले श्रमिक इस सुविधा से वंचित थे। उनकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में, परिवहन का व्यय शोक संतप्त परिवारों पर पड़ता है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण मृतक का परिवार ज्यादातर स्थितियों में हवाई किराया या यहां तक कि सड़क मार्ग से परिवहन का खर्च भी वहन नहीं कर पाता है। ऐसी परिस्थितियों में, मृत श्रमिक के परिजनों को राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाले अपने परिजन के अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका भी नहीं मिलता है। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के अग्रिम कार्यस्थलों का दौरा करते हुए कैजुअल वेतनभोगी श्रमिकों की कठिन कार्य स्थितियों को देखा था। वह उनके कल्याण के प्रति चिंतित थे और उन्होंने उनके लिए उचित कल्याणकारी योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया था।

## जम्मूतवी एक्सप्रेस में फिल्मी स्टाइल में डकैती

**झारखंड ,एजेंसी।** झारखंड के बरवाडीह और लातेहार स्टेशन के बीच एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां संबलपुर से जम्मूतवी जाने वाली जम्मूतवी एक्सप्रेस में फिल्मी स्टाइल में डकैती और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की है, जिससे कई यात्रियों के घायल होने की भी सूचना है। अपराधियों ने ट्रेन यात्रियों से लाखों की लूटपाट की। इस दौरान यात्रियों से मारपीट भी की।जानकारी के अनुसार यह घटना बीती देर रात की है। अपराधियों ने संबलपुर–जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस–9 बोगी में वारदात को अंजाम दिया है। लूटपाट के बाद अपराधी फरार हो गए। वहीं, जब ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पहुंची, तो यात्रियों ने जमकर हंगामा किया।

# पीओके खाली करे पाकिस्तान

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाक के दुष्प्रचार पर भारत का करारा प्रहार




**न्यूयार्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने एक बार फिर से पाकिस्तान को आईना दिखाया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कश्मीर को लेकर जो झूठी बयानबाजी की, उसका भारत ने राइट टू रिप्लाई के तहत जवाब देते हुए पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को, बल्कि पूरी दुनिया को एक बार फिर से बताया है कि पाकिस्तान आतंकपरस्त देश है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है और उसने मुंबई हमले के आतंकियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं की। भारत ने दो टूक कहा कि पाकितान को आतंकवाद की दुकान बंद करनी चाहिए और अवैध तरीके से कब्जाए पीओके को खाली कर देने चाहिए।

न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी और युवा राजनयिक पेटल गहलोत ने कहा कि जब भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस अगस्त मंच का दुरुपयोग करने की बात आती है, तो पाकिस्तान एक आदतन अपराधी बन जाता है। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छे से जानते हैं कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान मानवाधिकारों पर अपने खराब रिकॉर्ड से हटाने के लिए ऐसा करता है। हम फिर दोहरा देते हैं कि जम्मू –कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग हैं। जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक मामले हैं। पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। पाकिस्तान को दो टूक जवाब देते हुए भारत ने कहा कि और वह पीओके को खाली करे और तकनीकी कुतर्क में उलझने के बजाय मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करे, जिनके पीड़ित 15 साल बाद भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

# यूपी में 10 परिवारों के 70 लोगों ने अपनाया हिन्दू धर्म

**मुजफ्फरनगर ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बघरा में स्थित योग साधना यशवीर आश्रम में महंत स्वामी यशवीर जी महाराज के सानिध्य में मुजफ्फरनगर जिले के 10 मुस्लिम परिवारों के 70 सदस्यों ने शुद्धि यज्ञ में गायत्री मंत्रों के साथ आहुति देने के बाद हिंदू धर्म को अपनाया। इन परिवारों के सभी 70 सदस्यों के नाम भी बदल दिए गए। अब नाहिद को अरविंद कुमार, नाजिया को कविता तो गुलशन को अक्षय कुमार कहा जाएगा। इसी तरह से परिवार के अन्य सदस्यों के नये नाम रखे गये हैं।

योग साधना यशवीर आश्रम में महंत स्वामी यशवीर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य मृगेंद्र ब्रह्मचारी ने वेद मंत्रों के साथ विधि–विधान से हवन–पूजन कराकर 10 परिवारों के इन 70 सदस्यों की शुद्धि की। जाकिर का कहना है कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे, लेकिन बाद में किसी वजह से उन्होंने 10 वर्ष पूर्व इस्लाम कबूल कर लिया था। अब वह दोबारा हिन्दू धर्म में वापसी कर रहे हैं।


आचार्य मृगेंद्र ब्रह्मचारी महाराज जी ने बताया कि अब तक 1,100 मुस्लिम लोगों ने दोबारा हिन्दू धर्म में वापसी की है। प्रदेश में पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में हिंदुओं का उत्पीडन् कर उन्हें डराकर मुस्लिम बनाया जाता था, लेकिन अब प्रदेश में दूसरी बार योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने और माहौल ठीक होने पर पहले धर्म छोड़ गए लोग पुनः हिंदू धर्म में वापसी कर रहे हैं। जो धर्म बदल कर चले गए थे अब उनका स्वाभिमान जाग रहा है और वह वापसी कर रहे हैं।

## सोमालिया में सेना ने अल–शबाब के 27 लड़ाकों को मार गिराया, हथियार और वाहन किए नष्ट

**मोगादिशु, एजेंसी।** सोमालिया की सेना ने गाल्मुदुग प्रांत में चल रहे सैन्य अभियानों के तहत अल–शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी सोमालिया की राष्ट्रीय सेना ने शनिवार को दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार रात मिलिलिको, सील गंबर और बालाल धीर गांवों में चलाए गए अभियानों में अल–शबाब के तीन ठिकाने भी नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, "दुश्मन के तीन ठिकानों को निशाना बनाया गया और उनके वाहनों तथा हथियारों सहित नष्ट कर दिया गया।"

ताजा सैन्य अभियान के संबंध में अल–शबाब की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। गौरतलब है कि सोमालिया की सेना ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैनिकों के साथ मिलकर अल–कायदा से जुड़े सशस्त्र समूह को बेअसर करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सहयोगी बलों ने 2011 में आतंकवादी समूह अल–शबाब को मोगादिशु से बाहर खदेड़ दिया, लेकिन इस्लामी समूह अभी भी हमले करने, सरकारी प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्तरां और सार्वजनिक स्थानों को निशाना बनाने में सक्षम है।

# सर्वदलीय समर्थन से महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना ऐतिहासिक घटना: अनुराग ठाकुर



**चेन्नई, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि संसद में सभी दलों के समर्थन से महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना एक उल्लेखनीय ऐतिहासिक घटना है। अनुराग ठाकुर ने कोयंबटूर में शनिवार शाम एक समारोह में कहा, "यह एक उल्लेखनीय ऐतिहासिक घटना है कि महिला आरक्षण विधेयक सभी दलों के समर्थन से पारित हो गया है।" उन्होंने कहा,"देश में सामाजिक प्रगति, राजनीतिक प्रगति, शारीरिक स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और विज्ञान में महिलाओं को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है।"

उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा में आयोजित खेलो इंडिया गेम्स में सभी राज्यों की महिला खिलाड़ियों ने सबसे अधिक पदक जीते। उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु की महिला वैज्ञानिकों ने चंद्रयान–3 मिशन में अहम भूमिका निभाई। साथ ही आईआईटी से लेकर सभी शिक्षण संस्थानों में महिलाएं सबसे ज्यादा पास प्रतिशत पा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में 14.5 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए थे, आज 33 करोड़ नए कनेक्शन दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जल जीवन योजना के तहत सभी घरों में पाइप से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आम आदमी को पांच लाख रुपये में बेहतरीन इलाज मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स अस्पतालों की संख्या सात से बढ़कर 22 हो गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 700 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और उन्हें करोड़पति बनाने का लक्ष्य है। उन्हें ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी और रक्षा क्षेत्र में भी महिलाएं अच्छा कर रही हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचता है। बैंक खाते, आधार संख्या और मोबाइल प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शी सरकार संभव हो गई है। उन्होंने कहा, दुनिया का लगभग 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में होता है। पिछले नौ वर्षों में 18.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।

# इंदौर में भारत की लगातार सातवीं जीत



नई दिल्ली ,भारत ने इंदौर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। उसने मोहाली के बाद अब यहां दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंदौर में भारत की यह लगातार सातवीं जीत है। वह पहली बार यहां 2006 में कोई वनडे खेला था। यहां सात वनडे में उसे कभी भी हार नहीं मिली। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में भारत को दूसरी जीत मिली है। 2017 में टीम इंडिया ने कंगारूओं को पांच विकेट से हराया था।

सीरीज में जीत के साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया से इस साल वनडे सीरीज में मिली हार का बदला भी ले लिया। कंगारू टीम ने मार्च में तीन वनडे मैचों की सीरीज में भारत को 2-1 से हराया था। दोनों टीमों के बीच मौजूदा सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला राजकोट में मंगलवार (27 सितंबर) को खेला जाएगा। इस मैच के लिए टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा, दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सहित विश्व कप के लिए चुने गए सभी खिलाड़ी मौजूद रहेंगे। विश्व कप टीम के अलावा रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर भी मौजूद रहेंगे। दोनों का विश्व कप से पहले एक और ट्रायल होगा। चोटिल अक्षर पटेल अगर ठीक नहीं होते हैं तो अश्विन या सुंदर को विश्व कप के लिए चुना जा सकता है।

मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया । भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 399 रन बनाए। बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस नियम से 33 ओवर में 317 रन का लक्ष्य मिला। कंगारू टीम 28.2 ओवर में 213 रन पर ऑलआउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया के लिए सीन एबॉट ने 54 और डेविड वॉर्नर ने 53 रन बनााए। मार्नश लाबुशेन ने 27 और जोश हेजलवुड ने 23 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने 19 रन और एलेक्स कैरी ने 14 रन बनाए। मैथ्यू शॉर्ट नौ, जोश इंग्लिश छह और एडम जम्पा पांच रन बनाकर आउट हुए। कप्तान स्टीव स्मिथ खाता नहीं खोल सके। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने कातिलाना गेंदबाजी की। दोनों ने तीन-तीन विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा को दो और मोहम्मद शमी को एक सफलता मिली।

## कोच राहुल द्रविड़ के लिए परिवार से आई बड़ी खुशखबरी, बड़े बेटे समित का टीम में हुआ सिलेक्शन

नई दिल्ली ,भारतीय टीम के मुख्य कोच और पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बड़े बेटे समित का चयन वीनू मांकड़ टूर्नामेंट के लिए कर्नाटक की अंडर-19 टीम में हुआ है। समित अभी तक कर्नाटक की ओर से अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट खेल रहे थे, लेकिन अब उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट में भी दस्तक दे दी है।

हैदराबाद में वनडे टूर्नामेंट-

वीनू मांकड़ वनडे टूर्नामेंट का आयोजन हैदराबाद में 12 से 20 अक्टूबर तक होगा। समित इससे पहले अंडर-14 स्तर पर कमाल दिखा चुके हैं। उन्होंने 2019-20 सत्र में दो दोहरे शतक लगाए थे। समित अपने पिता की तरह ज्यादा रक्षात्मक बल्लेबाजी नहीं करते हैं। वह आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।

**अच्छी गेंदबाजी करते हैं समित**

इसके अलावा समित गेंदबाजी भी अच्छी करते हैं। वीनू मांकड़ टूर्नामेंट में कर्नाटक की टीम धीरज गौड़ा की अगुआई में खेलने उतरेगी, जबकि ध्रुव प्रभाकर टीम के उपकप्तान होंगे।

# बैन की बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटीं पूजा , भारतीय टीम ने कटाया फाइनल का टिकट



नई दिल्ली ,भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2023 के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सेमीफाइनल मुकाबले में एकतरफा अंदाज में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 8 विकेट से धूल चटाई। बांग्लादेश से मिले महज 52 रन के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 2 विकेट खोकर सिर्फ 8.2 ओवर में हासिल कर लिया। पूजा वस्त्राकर ने गेंद से कहर बरपाते हुए चार विकेट अपने नाम किए।

भारतीय टीम ने कटाया फाइनल का टिकट

52 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और कप्तान स्मृति मंधाना महज 7 रन बनाकर आउट हुईं।

शेफाली वर्मा कुछ दमदार शॉट्स लगाने के बाद 17 रन बनाकर चलती बनीं। हालांकि, जेमिमा रोड्रिग्स ने एक छोर संभाला रखा और टीम को जीत दिलाकर लौटीं। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एशियन गेम्स में कम से कम अपना सिल्वर मेडल पक्का कर लिया है।

पूजा वस्त्राकर ने बरपाया कहर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम पर पूजा वस्त्राकर कहर बनकर टूटीं। पूजा ने मैच के पहले ही ओवर में बांग्लादेश को दो बड़े झटके दिए। इसके बाद बांग्लादेश ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और देखते ही देखते पूरी टीम मात्र 51 रन बनाकर ढेर हो गई। पूजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 17 रन देकर 4 विकेट झटके। वहीं, अमनजोत कौर और राजेश्वरी गायकवाड़ ने किफायती गेंदबाजी करने के साथ-साथ एक-एक विकेट अपने नाम किया।

**मेडल हुआ पक्का**

बांग्लादेश को हराने के साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2023 में कम से कम अपना सिल्वर मेडल फिक्स कर लिया है। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की भिड़ंत पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगी। बता दें कि भारतीय टीम पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रही है।

# महिला टीम को पूर्व मुख्य कोच की नसीहत, कहा— बांग्लादेश के खिलाफ रखना होगा भावनाओं पर नियंत्रण

नई दिल्ली ,। एशियन गेम्स में रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम फाइनल में स्थान सुनिश्चित करने उतरेगी। पूर्व क्रिकेटर और महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन का मानना है कि इस मैच में भारतीय महिला टीम को अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। तभी वह यह मैच जीत सकते हैं।उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना के टूर्नामेंट में प्रदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार मंधाना एक सक्षम कप्तान हैं और उनकी हालिया फार्म टीम की जीत में निर्णायक होगी। साथ ही उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ को भारतीय पुरुष टीम का भावी कप्तान भी बताया और कहा कि धोनी की अगुआई में खेलने के कारण ऋतुराज को कप्तान के रूप में अतिरिक्त लाभ मिलेगा।



अन्य टीमों को हल्के में नहीं ले सकती भारतीय महिला टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की चुनौतियां पर बात करते हुए रमन ने कहा, 'अगर महिला क्रिकेट की बात करूं तो एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं सभी टीमें अच्छी फार्म में हैं। श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में इंग्लैंड में टी-20 सीरीज जीती हैं, पाकिस्तानी क्रिकेट टीम ने भी दक्षिण अफ्रीकी टीम को मात दी है। बांग्लादेशी टीम ने भी हमारे विरुद्ध बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था।

ऐसे में भारतीय महिला क्रिकेट टीम उन्हें हल्के में नहीं ले सकती है। बांग्लादेश के विरुद्ध कप्तान हरमनप्रीत और मध्यम गति की तेज गेंदबाज की कमी खलेगी। हालांकि, स्मृति मंधाना एक सक्षम कप्तान हैं और वह अच्छी फार्म में भी हैं, इससे उनके और टीम के मनोबल पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।'

पुरुष टीम को भी अतिआत्मविश्वास से बचना होगा

पुरुष टीम की एशियन गेम्स में प्रदर्शन पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह टीम बहुत ही सुदृढ़ है। वे स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार होंगे। हालांकि, टी-20 क्रिकेट अनिश्चितताओं से परिपूर्ण होता है, ऐसे में यह कहना कठिन होगा है कि कौन-सी टीम विजेता होगी। परंतु, उन्हें भी अतिआत्मविश्वास का शिकार होने से बचना होगा। भारतीय उपमहाद्वीप की सभी टीमें मजबूत हैं, वे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, इसलिए दोनों भारतीय पुरुष और महिला टीम के लिए यह राह बहुत आसान नहीं होगी।

## रेहान अहमद और विल जैक से पार नही पा सकी आयरलैंड

नई दिल्ली इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला ट्रेंट ब्रिज में खेला गया। पहला वनडे बारिश की भेंट चढने् के बाद इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में आयरलैंड को 48 रन से मात देकर 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 334 रन बनाए थे। वहीं, आयरलैंड की टीम 46.4 ओवर में 286 रन बनाकर सिमट गई। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ठोस शुरुआत की। सॉल्ट और विल जैक्स ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। सॉल्ट 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विल जैक्स ने 94 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान जैक क्रॉली बिना खाता खोले आउट हो गए। बेन डकेट ने 48 रन की पारी खेली। सैम हैन ने 89 रन का योगदान दिया। ब्रायडन कारसे ने 32 रन बनाए। आयरलैंड के लिए डॉकरेल ने तीन विकेट लिए। वहीं, क्रेग यंग ने दो विकेट चटकाए। मार्क अडायर, जोशुआ लिटिल और बैरी मैक्कार्थी को एक-एक विकेट मिले।

**रेहान अहमद ने लिए चार विकेट**

लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड के एंड्रयू बालबर्नी और कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने तेज शुरुआत दी।

# इंग्लैंड के 7 में से 5 कप्तान पड़ोसी देश के खिलाफ शून्य पर हुए आउट

नई दिल्ली , इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 सितंबर को आयोजित है। सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते बिना एक भी गेंद डाले रद्द हो गया था। आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड टीम का नेतृत्व जैक क्रॉली कर रहे हैं। दूसरे वनडे मैच में इंग्लैंड टीम के नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ठोस शुरुआत की। सॉल्ट और विल जैक्स ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। सॉल्ट 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विल जैक्स ने 94 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान जैक क्रॉली बिना खाता खोले आउट हो गए। क्रॉली का विकेट गिरते ही इंग्लैंड टीम के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

इन कप्तानों के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

दरअसल, इंग्लैंड के 7 कप्तानों में 5 पांच कप्तान यूरोपियन देश के खिलाफ शून्य पर आउट हुए हैं। इसकी शुरुआत साल 2019 में हुई थी जब इयोन मोर्गन आयरलैंड के खिलाफ शून्य पर आउट हुए थे। दोबारा इयोन मोर्गन अपनी होम कंट्री यानी आयरलैंड के खिलाफ 2020 में शून्य पर आउट हुए।



साल 2022 में मोर्गन नीदरलैंड के खिलाफ शून्य पर आउट हुए। वहीं, साल 2022 में ही मोर्गन एक बार फिर नीदरलैंड के खिलाफ शून्य पर आउट हुए। अब जैक क्रॉली अपने पड़ोसी देश के खिलाफ शून्य पर आउट हुए हैं।एक कप्तान दो बार विदेशी टीमों के खिलाफ शून्य पर आउट हुआ है और वह कोई और नई जोस बटलर हैं। साल 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ जोस बटलर शून्य पर आउट हुए थे। वहीं, दूसरी बार साल 2021 में इंडिया के खिलाफ शून्य पर आउट हुए।


# फिल्मी दुनियां

# अक्षय कुमार के साथ फिर एक्शन फिल्म बनाएंगे रोहित शेट्टी, मोहित सूरी करेंगे निर्देशन

2018 में अक्षय कुमार रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बने थे।उन्होंने रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में मुख्य भूमिका निभाई थी। अपने इस किरदार के साथ वह कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म सिंबा में भी नजर आए थे।इन दिनों रोहित की सिंघम अगेन चर्चा में है, जिसमें कॉपी यूनिवर्स के सभी किरदार निजर आएंगे। इसी बीच खबर है कि रोहित अक्षय के साथ एक अन्य फिल्म के लिए भी साझेदारी करने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, रोहित और अक्षय एक नई फिल्म के लिए साझेदारी करने जा रहे हैं। यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसका निर्देशन मोहित सूरी करेंगे।रोहित, मोहित और अक्षय तीनों काफी समय से इस फिल्म पर चर्चा कर रहे थे। अब आखिरकार तीनों के मनमाफिक स्क्रिप्ट तैयार है।पोर्टल के सूत्र के अनुसार, यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसमें अक्षय का बिल्कुल नया और रोमांचक अंदाज देखने को मिलेगा।

इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट देखने को मिलेगी, क्योंकि कहानी में कई निर्णायक किरदार हैं।रोहित की आगामी फिल्मों में यह शीर्ष पर



शुमार है। इसके स्क्रिप्ट और नैरेशन का काम हो चुका है। इसे लेकर औपचारिकाएं भी लगभग पूरी हो चुकी हैं।अब टीम इसकी शूटिंग शेड्यूल को तय करने में लगी है। इसकी शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू हो सकती है। सूर्यवंशी की सफलता के बाद अक्षय और रोहित दोनों इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

रोहित की फिल्म सिंघम अगेन काफी समय से चर्चा में है। एक तरफ सिंघम के प्रशंसक इसे लेकर काफी उत्सुक हैं, वहीं रोहित के लिए भी यह एक महत्वाकांक्षी फिल्म है।सिंघम अगेन में सितारों की फौज नजर आने वाली है। अजय देवगन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे।फिल्म में दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के रूप में नजर आएंगी। फिल्म में अक्षय और रणवीर सिंह का कैमियो होगा। फिल्म में टाइगर श्रॉफ के शामिल होने की भी खबरें हैं।

रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय देवगन के साथ 2011 में आई फिल्म सिंघम से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की सिंघम रिटर्न्स, 2018 में रणवीर सिंह की सिम्बा और 2020 में अक्षय की सूर्यवंशी के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।

अक्षय की बात करें तो उनकी कई फिल्में कतार में हैं।उनकी फिल्म मिनश रानीगंज अक्टूबर में रिलीज होगी।वह बड़े मियां छोटे मियां 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगे।

## संजय मिश्रा की गुठली लड्डू का टीजर जारी, शिक्षा के अधिकार पर आधारित है फिल्म

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा ने कुछ दिन पहले अपनी नई फिल्म का ऐलान किया था, जिसमें नाम गुठली लड्डू रखा गया है। अब निर्माताओं ने शिक्षक दिवस के खास मौके पर गुठली लड्डू का टीजर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी शिक्षा के अधिकार पर आधारित है।इसमें संजय स्कूल के प्रधानाचार्य (प्रिंसिपल) की भूमिका निभा रहे हैं, जो फिल्म में एक होशियार बच्चे की शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ता है।

फिल्म गुठली लड्डू शिक्षा के अधिकार जैसे मुद्दे के साथ-साथ सामाजिक भेदभाव की भी बात करती हैं। यह फिल्म सामाजिक परिवर्तन की ओर एक साहसिक पहल है।गुठली लड्डू 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जैस्मीन भसीन ने बताया भगवान गणेश को क्यों कहा जाता है विघ्नहर्ता गणेश

भगवान गणपति के आगमन पर अभिनेत्री जैस्मीन भसीन ने बताया कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता गणेश क्यों कहा जाता है और इस साल उन्होंने किस चीज के लिए प्रार्थना की।

अभिनेत्री ने कहा, गणेश चतुर्थी सभी के लिए प्रासंगिक है और यह राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाती है। मेरे पास अपने गृहनगर कोटा, राजस्थान से गणेश चतुर्थी की सुखद यादें हैं। मैं बहुत सारी झाकियां देखती थी और इस अवसर के लिए तैयार होती थी और ढेर सारी मिठाइयां खाती थी। मुंबई में उनका अनुभव और भी खास है। उन्होंने कहा, यहां आने के बाद मुझे एहसास हुआ कि गणपति का उत्साह कई दिनों तक चलता है। माहौल बिल्कुल बदल जाता है। जब से मैं मुंबई में हूं, मैंने अपने दोस्तों को घर



पर गणपति लाते हुए देखा है, इसलिए मैं उनसे मिलने जाती हूं और मोदक भी खाती हूं। आगे कहा, मुझे लगता है कि उत्सव शहर के मन और वातावरण के लिए बहुत शुद्ध है और गणेश को एक कारण से विघ्नहर्ता गणेश कहा जाता है। मुझे लगता है कि हमें ईश्वर के सामने समर्पण कर देना चाहिए, वह जानता है कि क्या सही है। आस्था पहाड़ों को हिला सकती है।

# फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन की बहन का किरदार निभाएंगी दीपिका पादुकोण



मौजूदा वक्त में रोहित शेट्टी अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।सिंघम की 2 सफल किश्तों के बाद अब रोहित और अजय देवगन सिंघम अगेन की तैयारियों में जुट गए हैं।कुछ वक्त पहले अजय ने ऐलान किया था कि दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगी।ताजा जानकारी के मुताबिक, दीपिका सिंघम अगेन में अजय की बहन का किरदार निभाने वाली हैं। एक सूत्र ने बताया, दीपिका पदुकोण, रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन के लिए बहुत उत्साहित हैं।

वह इस यूनिवर्स की पहली महिला पुलिसकर्मी की भूमिका निभाएंगी और उन्होंने इस एक्शन से भरपूर फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी है।उन्होंने कहा, दीपिका का किरदार एक लेडी सिंघम की तर्ज पर है और वह अजय की बहन की भूमिका निभाएंगी।सिंघम अगेन की शूटिंग सितंबर में शुरू होगी और अगस्त 2024 में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

# सारा का पहली बार पर्दे पर दिखेगा धाकड़ अवतार, ताबड़तोड़ एक्शन कर टाइगर को देंगीं टक्कर

सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और अपनी पहली ही फिल्म से उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। पिछली फिल्म जरा हटके जरा बचके में भी सारा अपना जादू चलाने में सफल रहीं। बहरहाल, उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें से एक की तैयारी में उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सारा की जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ बनी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सारा जल्द ही एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर के साथ नजर आएंगी, जो जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि फिल्म में सारा एक ऐसे धाकड़ अवतार में नजर आने वाली हैं, जो अब तक इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। वह खुद को तैयार करने के लिए



रूरू (मिश्रित मार्शल आर्ट) में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण ले रही हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सारा ने अब तक देसी गर्ल या रोमांटिक किरदार निभाए हैं और उनकी भूमिकाओं को पसंद भी किया गया है, लेकिन टाइगर अभिनीत फिल्म में वह अपने प्रदर्शन और जोरदार एक्शन दृश्यों से सबको हैरान कर देंगी। इसमें उनका एक अलग ही पक्ष देखने को मिलेगा, जो उनके 5 साल के करियर में अब तक देखने को नहीं मिला। अपने एक्शन से दर्शकों को चौंकाने के लिए सारा ने जी-जान लगा दी है।सारा नहीं चाहतीं कि फिल्म में उनका एक्शन बनावटी लगे। इसे वास्तविक बनाने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं और रोजाना घंटों एक्शन की प्रैक्टिस करती हैं ताकि पर्दे पर टाइगर से कमतर न दिखें। वह किसी को शिकायत का कोई मौका नहीं देना चाहतीं, इसलिए उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के लिए कमर कस ली है। वह अपनी फिटनेस और डाइट पर भी खास ध्यान दे रही हैं। सारा को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रंग लाएंगी।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com